तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 23.6 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार, 19 अप्रैल 2025

12 ग्रीष्मकालीन छुट्टी पर रोक से गुरूजी नाराज



12 स्मार्ट क्लास की तर्ज में शाप्रा शाला चंगोरी को मिला सीसीटीवी कैमरा








**खबर संक्षेप**

## राष्ट्रीय खेलों में छग के खिलाड़ियों का परचम हासिल किए 45 पदक

**भिलाई।** दिल्ली में आयोजित चौथे खेलो मास्टर्स राष्ट्रीय खेलों में छत्तीसगढ़ राज्य के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 45 पदकों हासिल करने का गौरव हासिल किया है। कॉमनवेल्थ गेम्स इंटरनेशनल स्टेडियम, खेलगांव और इंदिरा गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में आयोजित इसप्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ से 65 खिलाड़ियों ने भाग लिया और एथलेटिक्स, फुटबॉल, शूटिंग, तैराकी, टेबल टेनिस सहित विभिन्न खेल विधाओं में प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एथलेटिक्स श्रेणी में बीएसपी कर्मचारी व प्रसिद्ध धावक भागवत राम नेताम ने तीन कांस्य पदक हासिल किये है। एथलेटिक्स में किशन ने दो स्वर्ण और एक रजत पदक प्राप्त किए। सभी ने खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी।

## कबड्डी खिलाड़ी का लाइव फांसी का वीडियो वायरल अब तक पता नहीं चला

**भिलाई।** कुम्हारी थाना क्षेत्र के जंजगिरी में रहने वाले 17 वर्षीय कबड्डी खिलाड़ी का एक वीडियो वायरल हुआ है। जिसमें वो फांसी लगाता हुआ नजर आ रहा है। इंस्टाग्राम पर वायरल लाइव वीडियो देखने के बाद उसके परिजन बिलासपुर पहुंचे हुए हैं। वहीं कुम्हारी पुलिस भी मामले की जांच में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार जंजगिरी निवासी एक किशोर कबड्डी का खिलाड़ी है। वो बीते 15 अप्रैल को घर से बिना कुछ बताए लापता हो गया। उसके परिवार वालों ने गुरुवार को कुम्हारी थाना में उसके गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। कल दोपहर में उसके इंस्टाग्राम पर उसके फांसी लगाई जाने का लाइव वीडियो किसी के द्वारा दिखाया गया। इसके बाद उसके पिता ने कुम्हारी थाना में जानकारी दी। कुम्हारी पुलिस ने उसके मोबाइल का लोकेशन ट्रेस किया तो वो बिलासपुर के तोरवा का मिला। इसके बाद से उसका कुछ भी पता नहीं चल सका है। किशोर के पिता बिलासपुर पहुंचे हुए हैं, लेकिन बेटे का अभी तक कुछ भी पता नहीं चल सका है।

**आयुक्त का फरमान:** अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने भिलाई निगम के पत्र पर निर्णय

# पानी चोरी रोकने भिलाई निगम क्षेत्र में जिस समय नल खुलेंगे, बिजली रहेगी बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई के फिल्टर प्लांट से निकलने वाले पानी अंतिम छोर तक नहीं पहुंच पा रहा है। लोग नलों में टुल्लू पंप लगाकर पानी खींच ले रहे। मौजूदा स्थिति को सुधारने के लिए निगम आयुक्त द्वारा मुख्य अभियंता, छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र को सुबह 6:30 बजे से 7:30 बजे तक बिजली बंद करने पत्र लिखा गया है। इस पत्र पर कार्रवाई करते हुए सीएसपीडीसीएल ने इस समय पर सोमवार से बिजली बंद करने का निर्णय लिया है।

### इन पानी टंकियों से होती है पानी सप्लाई

भिलाई क्षेत्रांतर्गत नेहरु नगर, स्मृति नगर, खम्हरिया, कोहका-1, कुरुद, फरीद नगर, कोहका-2, वैशाली नगर, हाऊसिंग बोर्ड, मदर टेरेसा नगर, चन्द्रामौर्या, गौतम नगर, छावनी, खुर्सीपार एवं हुडको में स्थित जलागारों से जल प्रदाय किया जाता है। इन क्षेत्रों में जल वितरण के समय कई लोगों द्वारा टुल्लु पंप के माध्यम से पानी का अतिरिक्त दोहन किया जा रहा है। जिसकी वजह से अंतिम छोर के लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा।

### लगातार मिल रही थी शिकायत

“ पानी नहीं मिलने की शिकायत निगम कार्यालय एवं जिला कार्यालय में लोगों द्वारा लगातर की जा रही थी। जनसमस्या को देखते हुए कलेक्टर द्वारा अनुमोदन लेकर जलप्रदाय के समय विद्युत प्रवाह बंद करने पत्र लिखा। -राजीव पांडेय, निगम आयुक्त

### सोमवार से होगी बिजली बंद

“ भिलाई निगम के पत्र पर कार्रवाई करते हुए सोमवार से बिजली बंद होगी। सुबह निर्धारित एक घंटे बिजली बंद करेंगे। इस समय पर निगम की पानी सप्लाई होगी। -संजय खंडेलवाल, सीई, विद्युत

## 25 हजार आबादी की बुझेगी प्यास- 9.77 करोड़ की लागत से बन रही चार नई पानी टंकी

**भिलाई।** भिलाई निगम के चार स्थानों पर पानी के लिए बड़ी नई पानी टंकी बनाए जा रहे हैं। 9.77 करोड़ रुपए की लागत से बन रही इन पानी टंकियों से करीब 25 हजार आबादी की प्यास बुझेगी। सुपेला मार्केट, केम्प-02 पावर हाउस सर्कुलर मार्के, रामनगर मुक्तिधाम, खुर्सीपार क्षेत्र में इन पानी टंकियों का निर्माण किया जा रहा है। अक्टूबर तक टंकी का निर्माण पूर्ण होने की संभावना है।



### लो प्रेशर की समस्या झेल रहे हैं लोग

जिन क्षेत्रों के लिए पानी टंकी बनाई जा रही है वहां वर्तमान में पानी का प्रेशर काफी कम रहता है।अंतिम छोर के निवासियों को गर्मी के दिनों में एक बॉल्टी पानी के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है। जिसकी वजह से लोग टुल्लू पंप लगाकर पानी खींच लेते हैं। पानी टंकी निर्माण होने से बिना टूल्लू पम्प चलाये सबके छत तक पानी पहुंचेगा।

### इन इलाकों से पेयजल संकट होगी दूर

चार पानी टंकी के बनने से भिलाई निगम क्षेत्र की एक बड़ी आबादी को फायदा पहुंचेगा। । जिसमें प्रमुख रूप से सुपेला, चिंगरी पारा, कांट्रेक्टर कालोनी, हार्डवेयर लाईन, इंदिरा नगर, रामनगर मुक्तिधाम क्षेत्र, पावर हाउस सर्कुलर मार्केट, श्याम नगर, महात्मा गांधी नगर, हमर गली, मजार लाईन, शीतला काम्पलेक्स, वीर शिवाजी नगर, यादव पारा, किशन चौक, मिलन चौक, मटन-मछली मार्केट एवं खुर्सीपार आदि क्षेत्र शामिल हैं।

**परिजनों ने किया हंगामा**

## काम से लौट रहे कर्मी की करंट से मौत, चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

काम से घर लौट रहे वृद्ध की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। उधर ग्रामीणों ने सड़क पर जमकर हंगामा करने के बाद चक्काजाम कर दिया। पुलिस की समझाइश के बाद करीब आधे घंटे के बाद चक्काजाम समाप्त कर दिया गया। मिली जानकारी के मुताबिक वार्ड 21 शंकर पारा स्टेशन मरोदा निवासी परशुराम सिक्का 55 वर्ष अपने घर से काम पर निकला था। इस दौरान शाम को बारिश के समय परशुराम घर लौट रहा था। तभी बीआरपी चौक के पास पाइप लाइन का काम चल रहा था। अचानक परशुराम चौक पर बने गढ्ढे में गिर गया। जिसमें बिजली का करंट प्रवाहित होने से चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल तक पहुंचाया, लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना गुरुवार देर शाम की है। शव को मरचूरी में रखवा दिया गया। शुक्रवार की सुबह ठेका कंपनी की लापरवाही के कारण परशुराम के साथ घटना होने की बात को लेकर परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर आधा घंटे तक सड़क पर प्रदर्शन करते रहे। इस दौरान घटना को लेकर पुलिस में शिकायत भी की गई। पुलिस ने गंभीरता दिखाते हुए दोनों पक्षों के मध्य बातचीत कर माहौल को शांत कराया गया। बताया जा रहा है कि मृतक के परिजनों को 50 हजार रुपए का मुआवजा राशि ठेका कंपनी ने दिया है।उसके बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार किया।



- ठेका कंपनी ने मुआवजा दिया
- नेवई पुलिस थाना क्षेत्र की है घटना

# बेटे की बारात निकलनी थी इधर पिता की हो गई हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

**चार संदिग्धों को पुलिस ने हिरासत में लिया**

बेटे की बारात लेकर जाने की तैयारी में परिवार जुटा रहा। लेकिन एक दिन पहले पिता की धारदार हथियार से हत्या कर शव को फेक किया गया था। परिजनों को सूचना मिलने पर वृद्ध को अस्पताल लेकर जाया गया। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस हत्या का अपराध कायम कर जांच में लिया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि रामपुर चोरहा गांव निवासी भागवत मारकंडे 55 वर्ष को गुरुवार आधी रात को चाकू व डंडा मारकर हत्या कर शव फेंक दिया गया था। उसकी लाश घर के बाहर लहूलुहान हालत में पड़ी मिली। कुम्हारी पुलिस मृतक के चारों बेटों को संदेह के आधार पर हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस ने इस मामले में संदेहियों से सवाल-जवाब किए है। मिली जानकारी के मुताबिक भागवत मारकंडे के चार में से दूसरे नंबर के बेटे का विवाह 19 अप्रैल को था। पूरा परिवार इस शादी को लेकर खुश और उत्साहित था। लेकिन बीते रात 11.30 बजे भागवत मारकंडे घर के बाहर बुरी तरीके से जख्मी हालत में पड़ा मिला। परिजनों की नजर भागवत पर पड़ी तब उसे एपेक्स अस्पताल पहुंचाया गया। भागवत के गले में किसी तेजधार हथियार से मारने के निशान भी पाए गए है। इसके अलावा शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोट के भी वार है। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ में जुटी हुई है। घटने का कारण पारिवारिक विवाद होने की संभावना जताई जा रही है। मृतक के घर के आसपास सीसी कैमरा लगा हुआ है। जिसमें एक युवक कैद हो गया है। जिसका शिनाख्त नहीं हो पाया है।जिसके लिए अन्य सीसी कैमरों का फुटेज निकालकर चेक किए जा रहे है। सीएसपी छावनी हरीश पाटिल ने बताया कि मृतक के शरीर में कई जगह चोट के निशान हैं। गले और रीढ़ की हड्डी में गहरे निशान है। सीसी कैमरा खंगाला जा रहा है। फिलहाल आरोपी का कोई सुराग नहीं मिला है। पूछताछ जारी है।






**शिवनाथ नदी की अनदेखी के कारण प्रदूषण बढ़ा**

# डामर फैक्ट्री का केमिकलयुक्त पानी फेंक रहे समोदा नाले में, पहुंच रहा शिवनाथ, पर्यावरण विभाग ने शुरू की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग जिले की जीवनदायिनी शिवनाथ नदी के अस्तित्व पर संकट खड़ा हो गया है। लगातार अनदेखी के कारण नदी का पानी प्रदूषित हो रहा है। हालत यह है पानी मटमैला हो गया है। कचरे और जलकुंभी से नदी तेजी से सूखने लगी है। जिले के कई तटों पर पूरी तरह से सूख गई है। हरिभूमि की पड़ताल में खुलासा हुआ है कि भिलाई शहर का निस्तारी और सीवरेज का गंदा पानी समोदा नाले के रास्ते शिवनाथ नदी पहुंच रहा है, लेकिन नाले के ग्राम झेंझरी के पास डामर फैक्ट्री का कैमिकलयुक्त पानी फेंका जा रहा है। यह शिकायत पहली नहीं है, पिछले कई सालों से इसे लेकर ग्रामीणों द्वारा शिकायत की जा रही है, लेकिन अब तक इसे गंभीरता नहीं लिया गया। हरिभूमि ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया। इसके बाद कलेक्टर अभिजीत सिंह ने इसे गंभीरता से लेते हुए पर्यावरण विभाग की टीम को जांच के लिए निर्देशित किया, इसके बाद पर्यावरण विभाग ने जांच शुरू कर दी है। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों से पूछताछ की जा रही है। पानी के सैंपल लिए जा रहे हैं, वहीं जिस जगह पर मछलियों की मौत हुई। इस जगह पर पूछताछ की जा रही है। जल संसाधन विभाग और पीएचई की टीम को भी अलर्ट किया गया है। ताकि पूरे मामले की जांच की जा सके।

### एनजीटी की फटकार और सख्ती का दुर्ग में नहीं हुआ असर

बता दें कि नदियों की सफाई और नालों के माध्यम से शहर का गंदा पानी सीधे नदी में छोड़े जाने को लेकर एनजीटी ने आपत्ति दर्ज की है। उन्होंने तत्काल ट्रीटमेंट कर पानी नदी में छोड़ने कहा है, लेकिन इसका तनिक भी असर दुर्ग जिले में देखने को नहीं मिला है। आज भी दुर्ग के तीन प्रमुख नालों पुलगांव, शंकरनाला और समोदा नाला के रास्ते गंदा पानी सीधे नदी में पहुंच रहा है। खास बात यह है कि पुलगांव नाला का गंदा पानी नदी के जिस हिस्से में मिल रहा है, वहीं दुर्ग निगम ने 24 एमएलडी का इंटकवेल बनाकर रखा है। इस प्रकार नाले का गंदा पानी ही फिल्टर कर दुर्ग शहर की आधी आबादी को पिलाया जा रहा है। इसे लेकर कई बार शिकायत भी हो चुकी, लेकिन प्रशासनिक अनदेखी जारी है।


शिवनाथ बदहाल...कैमिकल युक्त पानी छोड़ा जा रहा, मर रही मछलियां, नदी गंदगी से अटी

### शिवनाथ नदी के पानी में वाइब्रियो और स्यूडोमोनास जैसे बैक्टीरिया

बता दें कि शिवनाथ नदी के पानी की लगातार जांच होते रही है। दो वर्ष पहले भी जांच कराई गई थी। इस दौरान पीएच, टर्बीडिटी, क्लोराइड, नाइट्रेट, जल की कठोरता, फ्लोराइड का परीक्षण कराया गया था। जांच में पता चला कि इन सभी का प्रतिशत सामान्य से कुछ ज्यादा है। इतना ही नहीं जब दुर्ग-भिलाई से निकले सीवरेज और निस्तारी के पानी का बैक्टीरियल अध्ययन किया गया, तो पता चला कि पानी में वाइब्रियो और स्यूडोमोनास जैसे बैक्टीरिया है।

### पर्यवरण विभाग को जांच के लिए किया गया निर्देशित

शिवनाथ नदी के पानी की जांच के लिए पर्यावरण विभाग को निर्देशित किया गया है। पानी के सैंपल लिए जा रहे हैं। फैक्ट्रियों द्वारा नदी में कैमिकलयुक्त पानी छोड़े जाने के मामले में ग्रामीणों से पूछताछ की जा रही है। जैसे ही कुछ पता चलता है, कार्रवाई की जाएगी। -अभिजीत सिंह, कलेक्टर दुर्ग

## खबर संक्षेप



### श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में हुआ भंडारा

**भिलाई।** श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर मोर्चा पाइंट में हनुमान जन्मोत्सव को धनवंत सिंह गिल, मनीष देवांगन, विशाल जैन, लकी मानिकपुरी, राकेश साहू, रवि साहू के संयोग से भंडारा का कार्यक्रम किया गया।

## निधन

### अथर्वशी देवी



**भिलाई।** वार्ड 48 कबीर मंदिर खुर्सीपार भिलाई निवासी पूर्व बीएससी कर्मी नागेंद्र यादव की पत्नी अथर्वशी देवी 75 वर्षीय का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में शुक्रवार किया गया। वे चंद्रशिला यादव, रमाकांत यादव, चंद्रकांत यादव, संतोष यादव की मां थी।

### पी कालेब



**भिलाई।** सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मी पी. कालेब (81 वर्ष) निवासी सड़क नंम्बर 69, ब्लॉक 7/बी सेक्टर-6, भिलाई का 17 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 19 अप्रैल को सुबह 11:30 बजे नेहरूनगर कब्रिस्तान में होगा। अंतिम यात्रा घर से सुबह 10 बजे, उनके निवास स्थान से निकलेगी। वे पी. रत्नम, पी. जोशवा के पिता एवं के. जोयल, एम. जोनाथन के फूफा थे।

:: आम सूचना ::

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार विनित कुमार जैन आत्मज मानमल जैन, उम्र 43 वर्ष, निवासी- बी / 704, सातवां मंजिल, वाल फोर्ट हाईट, भाठागांव, रिंग रोड नंबर-1, रायपुर, जिला - रायपुर (छ.ग.) ने विक्रेता पंकज वर्मा आत्मज महेश वर्मा, निवासी-ग्राम ओटेबंद, तहसील - अहिवारा, जिला दुर्ग (छ.ग.) से उसके हक स्वामित्व की मौजा ग्राम ओटेबंद, प.ह.नं. - 13, रा. नि.म. - मुरमुंदा, तहसील- अहिवारा, जिला-दुर्ग (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर-99, 368 / 1, एवं 611/5, रकबा 0.1000, 0.2100, 0.1400 हेक्टेयर जिसकी ऋण पुस्तिका क्रमांक- पी / 0097849 में उल्लेखित है को मेरे पक्षकार द्वारा क्रय करने का सौदा किया है एवं बयाना राशि प्राप्त कर लिया गया है, उभय पक्षों के मध्य मात्र पंजीयन कराना शेष है।

उक्त सौदे के संबंध में यदि किसी व्यक्ति जिसका इस कृषि भूमि से संबंध हो, शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं प्रायवेट वित्तीय फायनेसिंग एवं बैंकिंग एवं सहकारी सेवा से संबंधित संस्थाए या किसी भी अन्य को किसी भी प्रकार से दावा, उजर आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस में मेरे कार्यालय में अपना दावा आपत्ति संपूर्ण दस्तावेज सहित प्रस्तुत करे। उपरोक्त दी गयी समयावधि पश्चात मेरे पक्षकार उपरोक्त भूमि का पंजीकृत बयनामा अपने पक्ष में निष्पादित करेगा। इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस पश्चात किसी भी प्रकार की दावा, आपत्ति उपरोक्त सौदे के परिपेक्ष्य में कानूनी रूप से मान्य नहीं होगी और प्रभावशून्य होगी।

सो सूचना जाने।

दुर्ग, दिनांक 18.04.2025

भवदीय,
(नवीन कुमार सिंगरौल) अधिवक्ता,
निवासी एवं कार्यालय-जी-9 आदर्शनगर
दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
Mob. No. 9827158696

## पोषण पखवाड़ा: आंगनबाड़ी कुम्हली में कुपोषण मुक्त छत्तीसगढ़ के लिए बढ़े कदम

# सायकल रैली निकालकर कुपोषण के खिलाफ सामाजिक जागरुकता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जामगांव आर

सम्पूर्ण भारत को कुपोषण से मुक्ति दिलाने के पोषण पखवाड़ा का सातवां चरण अभियान के रूप में चलाया जा रहा है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए एकीकृत महिला बाल विकास विभाग परियोजना पाटन, परिक्षेत्र गाड़ाडीह के आंगनबाड़ी बाड़ी केंद्र कुम्हली में पोषण पखवाड़ा शिविर आयोजित किए गए। 8 से 22 अप्रैल तक चलने वाले अभियान में कुपोषण जागरूकता से संबंधित प्रतिदिन विविध पोषण सुधार कार्यक्रम आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बहनों द्वारा आयोजित किए जाते हैं। गर्भवती महिलाओं, बच्चों, किशोरी बालिकाओं को स्वस्थ एवं संतुलित पोषण आहार देकर उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रथम दिन सायकिल रैली निकाल कर कुपोषण के विरुद्ध सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया गया।



स्कूली बच्चों ने सायकल रैली निकालकर ग्रामीणों को किया जागरूक।



आंगनबाड़ी कुम्हली में गर्भवती माताओं का कराया अन्नप्रशान संस्कार।

### स्वस्थ रहने के लिए पोषक तत्व युक्त भोजन करें

महिला बाल विकास पर्यवेक्षक सुनीता पुषाम ने कहा कि पोषित बच्चा ही कल का सशक्त भारत हैं। इसलिए माताएं बच्चों को साफ स्वस्थ पोष्टिक भोजन की आदत डालें और बाजार की फास्ट-फूड से बचें। इन दिनों बच्चों में मोटापा बढ़ने की समस्या दिखाई दे रही है। इससे बचने के लिए हमें जंक फूड और हाइडोजीनिकृत तेल से बने खाद्य सामग्री का बिल्कुल सेवन नहीं करना चाहिए।

### बच्चों को जंक फूड से बचाएं

परिचर्चा में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधान पाठक प्रभा सिंह ने कहा कि स्कूलों में बच्चों आजकल सहज रूप में उपलब्ध जंक फूड नहीं खाने की हिदायत दी जाती और मोटापा कम करने के लिए शारीरिक गतिविधियां जैसे योग, व्यायाम, छोटे-छोटे घरेलू कार्यों को स्वयं करने सीख दी जाती है। स्कूलों के 200 मीटर तक कैंटीन जंक फूड बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया जाना चाहिए।

### 1000 दिन का सजगता पूर्वक महत्व समझें

कुपोषण पखवाड़ा शिविर में 1000 दिन के महत्व पर विशेष प्रकाश डालते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भुनेश्वरी साहू ने बताया कि 270 दिन गर्भस्थ शिशु के, 365 दिन अर्थात दो वर्ष यह समय बच्चों के शारीरिक, मानसिक के लिए अत्यंत संवेदनशील समय यह बच्चों के दीर्घकालिक अच्छे स्वास्थ्य के नींव है माताओं एक बच्चों को पूर्ण संतुलित पोषण आहार मिलना चाहिए। शिविर में गोदभराई , स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता और अन्नप्राशन संस्कार भी किए गए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बहनों द्वारा विभिन्न प्रकार के पोषण युक्त सब्जियां,दाल, सोयाबीन बड़ी, मुनगा, पालक, चौलाई, बथुआ भाजी, फलों को एकत्रित कर समुदाय को इनकी पौष्टिकता और शारीरिक मानसिक बौद्धिक विकास की क्षमता की जानकारी दी गई।

### स्वास्थ केंद्र की बातों को करें अमल

उपस्वास्थ्य केंद्र कुम्हली के हेल्थ आफिसर रिशु गुप्ता ने माताओं एवं बच्चों के संपूर्ण स्वास्थ्य की जैसे-टीकाकरण, एनीमिया से बचने के उपाय, हीमोग्लोबिन, आयरन फोलिक एसिड टेब लेट के बारे जानकारी दी।

### कार्यक्रम में पहुंचे सरपंच-उपसरपंच व पंच

पोषण पखवाड़ा में प्रतिदिन हितग्राही माताओं एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों, स्कूली बच्चों और शिक्षकों को अभियान से जोड़कर स्वस्थ भारत, स्वस्थ छत्तीसगढ़, स्वस्थ समाज की अवधारणा को सफल बनाने की परिकल्पना की पहल है। इस कार्यक्रम में सरपंच टिकेश्वरी ठाकुर, उपसरपंच विजय कुमार साहू, पंच खिलावन साहू, धनेश्वर साहू, मेहतर यादव, मोगन सपहा, मोनिका साहू, पोराबाई, अनुराधा,परिक्षेत्र के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नीलम, अहिल्या संतोषी, तेजकुमारी, कांति, सरोजिनी, रुबी, राधा, शीला गीता,फूलू, बेदमती, केरवा, कल्पना, लता, तारिणी, पूर्णा, प्रेमलता, जमूना, शशि, नेमेश्वरी, माहेश्वरी परमीला आदि की विशेष उपस्थिति रही।



# ग्रीष्मकालीन छुट्टी पर रोक से गुरूजी नाराज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

सुशासन अभियान संचालित होने के कारण शिक्षको के ग्रीष्मकालीन अवकाश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। हर साल 1 मई से 16 जून तक स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश दिया जाता है। लेकिन इस पर रोक लगाने से गुरूजी नाराज हो गए है। शिक्षक संघ ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में कहा लेकिन हर साल किसी न किसी कार्यक्रम का हवाला देते हुए शिक्षकों के ग्रीष्मकालीन अवकाश पर स्थानीय स्तर पर अधिकारियों द्वारा रोक लगा दिया जाता है। जिससे शिक्षक संवर्ग ग्रीष्मकालीन अवकाश का लाभ नहीं ले पाते हैं। ऐसा शिक्षकों के साथ बार-बार हो रहा है। पिछले वर्ष भी लोकसभा निर्वाचन के चलते शिक्षकों को ग्रीष्मकालीन अवकाश का लाभ नहीं मिल पाया था। इस बार भी छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन



तिहार मनाने के नाम पर स्थानीय स्तर पर 31 मई तक अधिकारियों और कर्मचारियों के मुख्यालय छोड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। जबकि 1 मई से 15 जून तक शिक्षकों को पहले ही छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग की तरफ से ग्रीष्मकालीन अवकाश प्रदान किया गया है। ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान मुख्यालय नहीं छोड़ने के स्थानीय आदेश से शिक्षकों में भारी निराशा और नाराजगी होने लगी है। छग टीचर्स एसो. के दुर्ग जिला इकाई ने प्रदेश महामंत्री ओमप्रकाश पांडेय के मार्गदर्शन तथा जिलाध्यक्ष शत्रुघ्न साहू और उपाध्यक्ष कमल वैष्णव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर अभिजीत सिंह से मुलाकात कर इस संबंध में चर्चा की।

## प्रधानपाठक की मेहनत लाई रंग

# स्मार्ट क्लास की तर्ज में शाप्रा शाला चंगोरी को मिला सीसीटीवी कैमरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पाटन

शासकीय प्राथमिक शाला-चंगोरी संकुल केंद्र-बठेना विकासखंड-पाटन के प्रधान पाठक विरेन्द्र कुमार साहू (शिक्षादूत) के द्वारा सामुदायिक सहभागिता से नवपहल करते हुए स्कूल एवं बच्चों की उत्तरोत्तर विकास एवं गुणवत्ता के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। ग्राम की प्रथम नागरिक नवनिर्वाचित सरपंच रजनी रामकुमार कुर्रे व समस्त पंच ग्राम पंचायत चंगोरी के द्वारा प्राथमिक शाला चंगोरी को सीसीटीवी कैमरा दिया गया। प्रधानपाठक साहू ने बताया कि विद्यालय में सीसीटीवी कैमरा लगने से बच्चों एवं विद्यालय की सुरक्षा होगी। सामुदायिक सहभागिता से विद्यालय परिसर में मां सरस्वती मंदिर निर्माण,





स्मार्टक्लास, सीसीटीवी कैमरा, माइक सेट, कीचन गार्डन निर्माण, विद्यालय के लिए दरी, सीलिंग फैन, घड़ी, वॉटर कैंपर, खेल सामग्री प्राप्त हुआ।

प्रधानपाठक के इस कार्य के लिए जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, समग्र शिक्षा जिला मिशन समन्वयक सुरेंद्र पांडे, विवेक शर्मा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी पाटन प्रदीप महिलांगे, संकुल प्राचार्य हरिश्चंद्र सुकतेल, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक खिलावन चौपड़िया, संकुल समन्वयक बठेना कौशल टिकरिया ने कार्य की सराहना की है। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, शिक्षाविद एमएल चंद्रवंशी, सहायक शिक्षक योगेश्वरी वर्मा, दीपिका बंदे, ललिता कोसरिया, सत्यवती मारकंडे, कृष्णा यादव, सरपंच रजनी रामकुमार कुर्रे, उपसरपंच माधुरी मंडावी, पंच, पालक व बच्चों की उपस्थिति रही।

## बिजनेस साइट

# केवल 25 फीसद काम कर रहा था दिल, हाइटेक में हुई बड़ी सर्जरी



**भिलाई।** हाइटेक सुपरस्पेशालिटी हॉस्पिटल में एक ऐसे मरीज की यूरोसर्जरी की गई जिनका हृदय केवल 25 फीसद काम कर रहा था। मरीज ब्लड थिनर पर था जिसके कारण सर्जरी में रक्तस्राव का जोखिम भी अधिक था। उनके मूत्राशय में एक बड़ी सी पथरी थी जिसके कारण रक्तचाप बढ़ रहा था। मरीज की रिकार्ड समय में सर्जरी कर दी गई और अब वह पूरी तरह स्थिर और सामान्य है। यूरोलॉजिस्ट एवं ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. नवीन वैष्णव ने बताया कि 65 वर्षीय इस पुरुष को लंबे समय से दिल की बीमारी थी। इसके कारण उन्हें खून पतला करने की दवाइयां भी दी जा रही थी। उनकी प्रोस्टेट ग्रंथी भी बढ़ी हुई थी. ऐसे में मूत्राशय की पथरी और उससे उठने वाला दर्द मरीज के दिल पर अतिरिक्त बोझ डाल रहा था। पेशाब शरीर में रुकने के कारण किडनी और दिल पर भी दबाव बढ़ रहा था। पर चुनौती यह थी कि ऐसे मरीज की सर्जरी कैसे की जाए। डॉ. वैष्णव ने बताया कि दूरबीन पद्धति से सर्जरी करने पर समय ज्यादा लगता है इसलिए हमने इसे ओपन करने का निर्णय लिया। रक्तस्राव को न्यूनतम रखने के लिए केवल 2 इंच का कट लगाया। सर्जरी की टाइमिंग को कम रखने की भी कोशिश की गई ताकि ज्यादा देर तक उसे बेहोश न रखना पड़े. सर्जरी 30 मिनट से भी कम समय में पूरी कर ली गई। निकाली गई पथरी का आकार लगभग 4 सेन्टीमीटर का था। सर्जरी के बाद अब मरीज के वाइटल्स स्टेबल हैं। वह पूरी तरह सुरक्षित है और जल्द ही उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी। ऐसे मरीजों में, जिनमें कई समस्याएं एक साथ होती हैं, उनकी सर्जरी की प्लानिंग और एक्जीक्यूश में काफी सावधानी बरतनी पड़ती है। इसलिए मरीज को कार्डियोलॉजिस्ट डॉ असलम खान को रिफर किया गया। उनकी हरी झंडी के बाद ही रिकार्ड कम समय में सर्जरी की गई।

### बीएसपी ने मनाई बाबा आंबेडकर की जयंती



**दुर्ग।** बहुजन समाज पार्टी दुर्ग जिला इकाई के अध्यक्ष दीपक चंद्राकर के नेतृत्व में भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की 134वी जयंती व बहुजन समाज पार्टी की 41वां स्थापना दिवस समारोह का आयोजन सतनाम भवन ग्राम खोपली में किया गया। इस अवसर पर बाबा साहब के जीवन दर्शन को बताया गया तथा उनके उनके अधूरे कारवां को बीएसपी के माध्यम से पूर्ण करने का संकल्प लेकर उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर जिले के समस्त कार्यकर्ता, पदाधिकारी, व बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

## बिजनेस साइट

# एसेट एलोकेशन सफल निवेश का महत्वपूर्ण आधार

**भिलाई।** इक्विटी, डेट, कमोडिटी और रियल एस्टेट जैसे कई एसेट क्लास हैं, जहाँ कोई व्यक्ति वेल्थ क्रिएशन के लिए निवेश कर सकता है। ये अलग-अलग एसेट हैं जो सभी संबंधित जोखिमों, रिटर्न जेनरेशन, जोखिम से रिवॉर्ड रेश्यो, वैल्यूएशन डायनेमिक्स, टैक्सेशन और सबसे महत्वपूर्ण रूप से अलग-अलग मार्केट साइकिल्स को प्रदर्शित करने के मामले में अद्वितीय हैं। इसका अनिवार्य रूप से मतलब है कि सभी एसेट एक समय में एक समान तरीके से प्रदर्शन नहीं करते हैं। ऐसे समय होते हैं जब इक्विटी बेहतर प्रदर्शन करती है, अन्य एसेट क्लास परफॉर्मेंस ट्रांजेक्टरी पर कम हो जाते हैं और उसी अनुपात में विपरीत व्यवहार भी करते हैं। इसलिए, यह सुनिश्चित करने के लिए कि निवेशकों को अपने निवेश पोर्टफोलियो को अनावश्यक जोखिम में डाले बिना किसी भी समय सभी एसेट क्लास का लाभ मिले, एसेट एलोकेशन की रणनीति लंबी अवधि में काफी उपयोगी साबित हो सकती है



अमेय सिंह
पार्टनर, केडीएस इन्वेस्टमेंट, भिलाई

**एसेट एलोकेशन क्या है ?**

यह लंबी अवधि के रिटर्न को अधिकतम करते हुए जोखिमों में विविधता लाने की एक निवेश रणनीति है। इसमें एसेट क्लास में उचित रूप से फंड एलोकेशन करने की प्रक्रिया शामिल है। वास्तव में, यह रणनीति पुरानी कहावत से बहुत मिलती-जुलती है कि सभी अंडे एक ही टोकरी में नहीं रखने चाहिए। अगर टोकरी गिरती है, तो सभी अंडे टूटने का खतरा रहता है। इसलिए, समझदारी यही है कि अंडे अलग-अलग जगहों पर रखे जाने चाहिए ताकि आप खराब स्थिति में उन्हें न खो दें।

इसी तरह, एसेट एलोकेशन निवेशकों को इक्विटी, डेट, गोल्ड और रियल एस्टेट इंस्ट्रूमेंट जैसे कि इनविट्स और आरईआईटीस में निवेश करने में मदद करता है। जिससे पोर्टफोलियो एक खास एसेट क्लास में केंद्रित नहीं हो पाता। इस तरह जोखिम का प्रबंधन होता है और पोर्टफोलियो अच्छे से बैलेंस्ड रहता है।

**निवेशकों को क्या करना चाहिए ?**

उपयुक्त एसेट एलोकेशन पाने का सबसे अच्छा और स्थापित तरीका म्यूचुअल फंड के जरिए निवेश करना है। ये फंड प्रभावी एसेट एलोकेशन समाधान चाहने वाले निवेशकों के लिए कई तरह की स्कीम कैटेगरी प्रदान करते हैं । मल्टी- एसेट फंड, एसेट एलोकेटर फंड और बैलेंस्ड एडवांटेज फंड जैसी स्कीम में निवेश पर विचार किया जाना चाहिए ।

एक ऐसा फंड जिसमें निवेशक निवेश करने पर विचार कर सकते हैं, वह है आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एसेट एलोकेटर फंड (एफओएफ)। यह फंड इन-हाउस वैल्यूएशन मॉडल का उपयोग करके इक्विटी, डेट और गोल्ड म्यूचुअल फंड स्कीम्स / ईटीएफ में एलोकेशन को प्रभावशाली तौर पर एडजस्ट करता है। 28 मार्च, 2025 तक, इसने 9.50 प्रतिशत का एक साल का रिटर्न दिया है, साथ ही तीन साल और पांच साल में क्रमशः 12.86 प्रतिशत और 19.04 प्रतिशत का मजबूत सीएजीआर रिटर्न दिया है ।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## अंचल की खबरें

### सर्व नाई सेन समाज का चुनाव



**अंडा।** सर्व नाई सेन समाज छत्तीसगढ़ प्रांत पंजीयन क्रमांक 82 से संबद्ध जिला दुर्ग नाई सेन समाज अध्यक्ष भिखम सेन के दिशा निर्देश पर तोष कुमार सेन दुर्ग ग्रामीण दक्षिण ब्लांक संगठन संयोजक के नेतृत्व पर चुनाव अधिकारी आकाश सेन युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष द्वारा दुर्ग जिला के चौथे ब्लाक इकाई चुनाव के रूप में दुर्ग ग्रामीण दक्षिण ब्लांक का चुनाव ग्राम चिंगरी के मंगल भवन में सफलतापूर्वक चुनाव सम्पन्न कराया गया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए सुर्यकांत भारतद्वाज, उपाध्यक्ष दीपक कुमार सेन,नेमान श्रीवास, सचिव नंदकुमार सेन कौशिक नामांकन फार्म जमा किया। सह सचिव पद रिक्त हैं तथा सभी चारों पदों पर एक नामांकन आने कारण मनोनीत रुप से निर्वाचित घोषित हुए ब्लाक अध्यक्ष सूर्यकांत भारतद्वाज, उपाध्यक्ष दीपक कुमार सेन, कोषाध्यक्ष नेमान सेन, सचिव नंदकुमार सेन उपस्थित एवं सक्रियता सहयोग से निर्वाचन सम्पन्न कराया गया है। अध्यक्ष भीखम सेन व उपाध्यक्ष बलेश्वर सेन, जिला सह सचिव मंथीर सेन, अध्यक्ष संतोष सेन सेलून संघ जिला दुर्ग चन्दू सेन सक्रिय सदस्य जिला दुर्ग द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

### महुदा में पोषण जागरुकता पखवाड़ा का आयोजन



**सेलूद।** महुदा के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 4 में पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत सुपोषण चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों की खाना-पीना, संतुलित आहार में दाल, चावल, सब्जी रोटी सभी प्रकार के चीज खिलाने के लिए माता को कहा गया और बच्चे को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। कुपोषित बच्चों की माता एवं गर्भवती माता को भी बुलाया गया और गर्भवती माता की स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। खान-पान के विषय में बताया गया और जो कुपोषित बच्चे थे उनके माध्यम में आना और जो नियमित खान पान के विषय में ध्यान दे रही थी, माता उसको प्रोत्साहित किया गया। उसे पुरस्कार देकर सम्मान किया गया। इस मौके पर महुदा सेक्टर की पर्यवेक्षक स्वीटी सोनवानी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गीता साहू, बिशाखा पटेल, शारदा साहू, राजेशवरी साहू, भगवती साहू आदि मौजूद थे। यह जानकारी भागवत पटेल ने दी।

### विद्यार्थियों ने किया स्नेह संपदा विद्यालय का भ्रमण





**भिलाई।** शिक्षा संकाय के बीएड चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने अनुभवजन्य शिक्षा प्राप्त किया। जिसमें उन्होंने स्नेहा संपदा विद्यालय सेक्टर 8 में रहने वाले विशिष्ट बालकों और वरिष्ठजन के जीवन को पास से अनुभव किया। विद्यालय की प्राचार्य पुष्पा रविंद्र शिर्के, एस आशा, राजेश्वरी गुप्ता, राधा साहू, गायत्री ठाकुर ने बीएड प्रशिक्षु को यहां रहने वाले बच्चों की विशेषताएं व रहन-सहन के बारे में बताया, उन्होंने कहा कि शारीरिक व मानसिक बाधाओं के बावजूद यह सभी बच्चे आत्मनिर्भर हैं व अपना काम स्वयं करते हैं और इन सभी में एक विशिष्ट योग्यता है। यहां के बच्चों की आंखों में जीवन के प्रति उत्साह झलक रहा था, जिससे जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है। यह भ्रमण शिक्षा संकाय के सभी विद्यार्थियों के लिए बहुत ही प्रेरणादायी और उपयोगी सिद्ध हुआ। सहायक प्राध्यापक निशद खान व रमिता यादव ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

### प्रधानमंत्री आवास प्लस योजना के सर्वे में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : ललित चंद्राकर



**भिलाई।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने जिला पंचायत सीईओ और जनपद पंचायत सीईओ को निर्देशित किया है कि अब कोई भी पात्र हितग्राही पक्का आवास पाने से वंचित नहीं रहे। इसके लिए अधिकारी कर्मचारी डोर टू डोर सर्वे करें और हितग्राहियों के घर तक पहुंचकर योजना का लाभ दिलाएं। अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इस कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। योजना का लाभ हर गरीब को मिलना चाहिए इस बात का विशेष ध्यान रखें। कार्ययोजना बनाकर जल्द से जल्द सर्वे कार्य करें। चंद्राकर ने कहा प्रदेश में आवास प्लस टू सर्वे अभियान शुरू हो गया है। इसके साथ गांव-गांव में टीम के लोग पहुंचेंगे और पक्का आवास के लिए पात्र हितग्राहियों को चयन होना शुरू हो गया है। इससे जो छूटे हुए वंचित लोग हैं, उनका नाम भी सर्वे सूची में जुड़ जाएगा। इस सर्वे में एक विशेष बात यह भी है कि जो पात्र हितग्राही हैं, वह स्वयं भी इसके ऐप पर अपना फॉर्म भर सकते हैं।

### छूटे हुए हितग्राहियों को ऐप के माध्यम से जोड़ा



**अंडा।** ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहा है आवास सर्वेक्षण दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के क्षेत्र ग्राम अंडा में मोर आवास प्लस टू का सर्वेक्षण कार्यक्रम मोर द्वार साय सरकार आवास प्लस टू सर्वेक्षण का काम चल रहा है। इसी के अंतर्गत दुर्ग जिला भाजपा किसान मोर्चा महामंत्री एवं क्षेत्रीय जनपद सदस्य अजीत चंद्राकर अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर सर्वेक्षण कर छुटे हुए परिवारों को ऐप के माध्यम से जोड़ रहे हैं। हितग्राहियों से निवेदन कर रहे हैं कि कोई भी हितग्राही योजना से वंचित न रहे कांग्रेस की सरकार में आवास योजना को बंद कर दिया गया था। जिसका नतीजा आज ग्रामीण जन को भुगतना पड़ रहा है। अब समय और सरकार बदल चुका है । इस अवसर पर नोहर चंद्राकर कंप्यूटर आपरेटर, प्रशांत साहू ने बताया कि हितग्राही आवास योजना का लाभ ले सकेंगे। इसके लिए मोबाइल के माध्यम से आवास प्लस टू ऐप में जाकर अपना खुद का रजिस्ट्रेशन खुद करवा सकते हैं। बचे हुए हितग्राहियों को घर-घर जाकर जोड़ा जाएगा जो 30 अप्रैल तक चलेगा।


DMart®
Daily Discounts Daily Savings
हॉलिडे की शॉपिंग,
अब बजट में
DMart ready
ग्रोसरी एण्ड डेली एसेंशियल्स
₹ 44* सिर्फ लूज़ चीनी 1 किलो
₹ 59* सिर्फ लूज़ एचएमटी कोलम चावल 1 किलो
₹ 69* सिर्फ लूज़ बिरयानी चावल 1 किलो
₹ 32* सिर्फ लूज़ गेहूँ आटा 1 किलो
₹ 111* सिर्फ लूज़ तूरदाल लातूर 1 किलो
₹ 109* सिर्फ लूज़ उड़द दाल 1 किलो
₹ 41* सिर्फ लूज़ रवा 1 किलो
₹ 51* सिर्फ लूज़ जाड़ा पोहा 1 किलो
₹ 25* सिर्फ सब्जा 100 ग्राम मूल कीमत ₹ 39
₹ 389* सिर्फ स्वाद पिस्ता 400 ग्राम मूल कीमत ₹ 547
₹ 389* सिर्फ स्वाद बादाम 500 ग्राम मूल कीमत ₹ 559
₹ 89* सिर्फ धनिया 400 ग्राम मूल कीमत ₹ 141
₹ 290* सिर्फ जीरा 1 किलो मूल कीमत ₹ 398
₹ 85* सिर्फ छोटी राई 1 किलो मूल कीमत ₹ 118
₹ 159* सिर्फ लाल मिर्च पाउडर 1 किलो मूल कीमत ₹ 378
₹ 199* सिर्फ हल्दी पाउडर 1 किलो मूल कीमत ₹ 295
₹ 425* सिर्फ दावत रोज़ाना गोल्ड बासमती चावल 5 किलो मूल कीमत ₹ 600
₹ 459* सिर्फ नटराज पिस्ता 400 ग्राम मूल कीमत ₹ 699
1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त पारले हाइड एन्ड सीक 4 फन फ्लेवर्स चोको चिप क्रीम सैन्डविचेस बिस्किट्स 400 ग्राम मूल कीमत ₹ 150*
₹ 79* सिर्फ सनफीस्ट यिप्पी मैजिक मसाला नूडल्स 480 ग्राम मूल कीमत ₹ 120
₹ 70* सिर्फ मिरिंडा ऑरेंज बोतल 2 ली मूल कीमत ₹ 100
₹ 160* सिर्फ रूह अफ़ज़ा शरबत 750 मि.ली. मूल कीमत ₹ 180
₹ 355* सिर्फ ग्लूकॉन-डी इंस्टेंट एनर्जी टैंगी ऑरेंज/निंबू पानी फ्लेवर 1 किलो मूल कीमत ₹ 415
₹ 199* सिर्फ टैंग ऑरेंज/मैंगो इंस्टेंट ड्रिंक मिक्स 750 ग्राम मूल कीमत ₹ 280
₹ 160* सिर्फ मालाज़ रोज़ सिरप 1 ली मूल कीमत ₹ 230
₹ 88* सिर्फ किसान स्वीट एन्ड स्पाइसी सॉस पाउच 850 ग्राम मूल कीमत ₹ 140
₹ 99* सिर्फ पिअर्स प्यूअर एन्ड जेन्टल बॉडी वॉश 250 मि.ली. मूल कीमत ₹ 140
₹ 290* सिर्फ लोटस सेफ सन 3-इन-1 SPF 40 100 ग्राम मूल कीमत ₹ 535
₹ 125* सिर्फ डर्मी कूल मैंथॉल रेग्युलर प्रिकली हीट पाउडर 150 ग्राम मूल कीमत ₹ 159
₹ 172* सिर्फ गोदरेज सिंथॉल लाइम डिओ सोप 4x150 ग्राम मूल कीमत ₹ 230
होम एण्ड किचन
₹ 99** सिर्फ येरा ग्लास 210 मिली प्रति पीस 6 पीस सेट मूल कीमत ₹ 230
₹ 79** सिर्फ आइस ट्रे XL मूल कीमत ₹ 90
₹ 69** सिर्फ कुल्फी मेकर 8 कोन मूल कीमत ₹ 80
₹ 1,395** से आगे ब्रांडेड न्यूट्रीब्लेंड जूसर 3 जार
₹ 129** से आगे पानी का जग
₹ 199** सिर्फ रतन फ्रॉस्टी बकेट 25 ली मूल कीमत ₹ 230
₹ 249** सिर्फ वेलस्पन बाथ टावल 70 सेमी x 140 सेमी मूल कीमत ₹ 285
₹ 999** से आगे सीलिंग फ़ैन
ट्रैवल एण्ड स्पोर्ट्स
न्यूनतम 20% छूट मूल कीमत पर ड्रॉइंग का सामान
₹ 249** से आगे पॉप्लर क्रिकेट बॅट
₹ 379** सिर्फ फुटबॉल मूल कीमत ₹ 430
₹ 21** से आगे प्लास्टिक बोतल
₹ 149** से आगे स्टील बोतल
₹ 699** सिर्फ हाइकिंग बैग मूल कीमत ₹ 995
₹ 1,999** सिर्फ वीआईपी-एरिस्टोक्रैट फ्रॉक्स ट्रॉली बैग 23 सेमी x 36 सेमी x 55 सेमी मूल कीमत ₹ 8,440
₹ 2,750** से आगे वीआईपी इग्निस ट्रॉली बैग 24 सेमी x 39 सेमी x 55 सेमी
अपैरल
₹ 299** से आगे गर्ल्स फ्रॉक
₹ 199** से आगे गर्ल्स जीन्स
₹ 199** से आगे गर्ल्स टॉप
₹ 79** से आगे बॉय्ज़ एण्ड गर्ल्स टी शर्ट
₹ 199** से आगे बॉय्ज़ शर्ट
₹ 249** से आगे बॉय्ज़ जीन्स
फुटवेयर न्यूनतम 7% छूट मूल कीमत पर
Paragon
walkmate
Bata
VKC
RELAXO
₹ 199** से आगे लेडीज़ एथनिक शॉर्ट/लॉन्ग कुर्ती
₹ 99** से आगे लेडीज़ दुपट्टा/स्टोल
₹ 199** से आगे लेडीज़ एंकल कॉटन स्ट्रेच लेगिंग्ज़
₹ 499** से आगे लेडीज़ ड्रेसेस
₹ 99** से आगे लेडीज़ कॅज्युअल लोअर
₹ 99** से आगे लेडीज़ टी शर्ट
₹ 149** से आगे लेडीज़ टॉप
₹ 349** से आगे लेडीज़ डेनिम/जेगिंग
₹ 169** से आगे लेडीज़ लॉन्ग नाइटी
₹ 199** से आगे लेडीज़ पजामा
₹ 99** से आगे फैशन कैप
₹ 99** से आगे मेन्स फैन्सी टी शर्ट
₹ 199** से आगे मेन्स कॅज्युअल/फॉर्मल शर्ट
₹ 349** से आगे मेन्स फॉर्मल ट्राउज़र/जीन्स
₹ 449** से आगे मेन्स कॉटन चीनोज
₹ 149** से आगे मेन्स फैशन शॉर्ट्स
न्यूनतम 25% छूट मूल कीमत पर सभी ब्रांडेड मेन्स अंडरगारमेंट्स
न्यूनतम 9% छूट
सिटी मॉल, रायपुर : 6262000236 • रिंग रोड, रायपुर : 0771-2262922 • नेशनल हाइवे-6, भिलाई : 9752574902/9752098603
अंबाडी नगर, भिलाई : 6269500098 • पोटियाकला दुर्ग, भिलाई : 9630804906 • राजनांदगांव : 6269500166
**सिर्फ रायपुर और भिलाई में उपलब्ध
उत्पादों के चित्र केवल प्रतिनिधित्व उद्देश्यों के लिए हैं और वास्तविक उत्पादों से भिन्न हो सकते हैं. • उत्पाद की पेशकश स्टाक रहने तक वैध. • ऑफर्स स्थान के अनुसार भिन्न हो सकते हैं.
इस विज्ञापन में दिखाये गये ब्रांड संबंधित ब्रांड के मालिक के स्वामित्व में हैं. • ^प्रबंधन के पास अपने विवेक से कीमतों में बदलाव, छूट देने का और उत्पादों को बेचने का अधिकार सुरक्षित है. • नियम और शर्तें लागू • *खुदरा बिक्री मूल्य. • # 1 वस्तु
Impulse/04/25

# नए पदाधिकारियों को मिलेगा कार्यकारिणी में मौका, दौरे के बाद बनेगी सूची

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

अलग खबर

अहमदाबाद राष्ट्रीय शिविर से लौटकर जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने नई कार्यकारिणी गठन के पूर्व ब्लाकवार दौरा शुरु कर दिया है। ब्लाक की बैठकों में जिला बाडी के लिए योग्य नेताओं की तलाश की जा रही है। ब्लाक की बैठक निपटने के बाद ही नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। कुछ ब्लाक अध्यक्षों के बदलने जाने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

हाल ही में अहमदाबाद गुजरात में कांग्रेस का राष्ट्रीय चिंतन शिविर किया गया था। इस शिविर में दुर्ग जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश ठाकुर शामिल होकर लौटे हैं। शिविर में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित कांग्रेस के तमाम दिग्गजों ने पार्टी की संगठनात्मक स्थिति व विभिन्न मुद्दों पर कार्यकर्ताओं को टिप्स दिया। राष्ट्रीय शिविर में पार्टी का संदेश लेकर लौटे जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने धमधा, अहिवारा और जामुल ब्लाक का दौरा कर स्थानीय कमेटियों की बैठक लेकर कार्यकर्ताओं से मेल मुलाकात की। अभी 6 ब्लाक का दौरा नए जिला अध्यक्ष और करेंगे। ब्लाक कांग्रेस की बैठक और नेताओं से मेल मुलाकात का मकसद पार्टी नेतृत्व की मंशा के अनुरुप पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाकर जनता से जुड़े मुद्दों की लड़ाई सदन से सड़क तक लड़ना है। इस दौरे के दौरान नए जिला अध्यक्ष अपनी नई कार्यकारिणी को लेकर भी कार्यकर्ताओं और वरिष्ठजनों से रायशुमारी कर रहे हैं।

## जिला कांग्रेस की नई कार्यकारिणी के लिए जारी है मंथन

### पदनाम की नहीं होगी कार्यकारिणी

संगठन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आला नेतृत्व की मंशा है कि, पार्टी संगठन में पदनाम के लिए लोग कार्यकारिणी में शामिल होने जुगाड़ लगा लेते हैं लेकिन पार्टी संगठन का काम, पार्टी की नीति और जनहित के मुद्दों से ऐसे पदनाम वाले लोगों का कोई लेना देना नहीं होता है। इसीलिए नई कार्यकारिणी में उन्हीं लोगों को स्थान दिया जाएगा जिनको पार्टी की रीति-नीति और जनहित के मुद्दों से जिनका सरोकार हो। नई कार्यकारिणी में पद के साथ कार्यों की जिम्मेदारी भी दी जाएगी। जिला पदाधिकारियों के पास ब्लाकवार प्रभार भी होंगे। जिला पदाधिकारियों के कार्यों की समीक्षा समय-समय पर आलाकमान करेगा।



### 9 ब्लाक के दौरे के बाद कार्यकारिणी घोषित

जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर के कार्यक्षेत्र में 9 ब्लाक कांग्रेस कमेटी आती है। नया दायित्व मिलने के बाद राकेश ने दौरा शुरु कर दिया है। धमधा, अहिवारा और जामुल ब्लाक का दौरा पूरा हो गया है। जबकि 6 ब्लाक में अभी दौरा प्रस्तावित है। सभी ब्लाकों का दौरा पूर्ण होने और कार्यकर्ताओं से मेल-मुलाकात के बाद ही नई कार्यकारिणी का स्वरुप सामने आएगा।

### कार्यकर्ताओं को मिलेगा अवसर

"कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने बड़ी जिम्मेदारी मुझ पर दी है। अहमदाबाद राष्ट्रीय चिंतन शिविर में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और शीर्ष नेतृत्व ने जैसी मंशा व्यक्त की है उसके अनुसार जिम्मेदार, सक्रिय और मुद्दों से सरोकार रखने वाले कार्यकर्ताओं को कार्यकारिणी में स्थान दिया जाएगा।
**-राकेश ठाकुर,** अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण)

## खबर संक्षेप



### 89 वां अवतरण दिवस आज, होंगे कार्यक्रम

**दुर्ग।** श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई-दुर्ग के तत्वावधान में संत आशाराम बापू का 89 वां वर्ष का अवतरण दिवस 19 अप्रैल शनिवार को संत आशाराम बापू आश्रम बेलौदी में गुरु भक्तों, शिष्यों द्वारा मनाया जाएगा। कार्यक्रम के तहत 8 बजे से हरिओम गुंजन, प्रार्थना एवं पंचगव्य पान प्रातः 9 बजे से सद्गुरू के जीवन पर आधारित आशा रामायण पाठ, भजन कीर्तन सुबह 10 बजे से सामूहिक हवन, 11 बजे से श्री पादुका का आश्रम भ्रमण व पूजन, मानस पूजन दोपहर 12 अभिजीत नक्षत्र, दोपहर 12 बजे अवतरण दिवस दीप प्रज्वलित कर मनाई जायेगी। महाआरती, साधकों, भक्तों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था निःशुल्क रखी गई है। उक्त जानकारी युवा सेवा संघ के अध्यक्ष शिवा साहू ने दी।

### प्लेसमेंट कैम्प 25 को

**दुर्ग।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मालवीय नगर चौक दुर्ग में 25 अप्रैल को प्रातः 10.30 बजे से प्लेसमेंट केम्प का आयोजन किया जाएगा। जिसमें महिमा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पीटल उतई एवं रिलाईस निपोन लाईफ इंश्युरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा अधिसूचित कुल 103 रिक्त पदों हेतु भर्ती की प्रक्रिया की जाएगी। महिमा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पीटल उतई द्वारा डॉक्टर, स्टाफ नर्स, वार्ड बॉय, आईसीयू इंचार्ज, एक्स-रे सहित मेडिकल स्टोर हेतु 88 पदों पर साक्षात्कार लिया जाएगा।

## प्रदर्शन : कांग्रेसियों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर की नारेबाजी, पुलिस को दिखाया वीडियो

# राजीव भवन में तोड़फोड़ से बिफरे कांग्रेसी, पुलिस के साथ जमकर बहस

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया और राहुल गांधी का पुतला दहन किए जाने के बाद भाजपा नेताओं ने कांग्रेस भवन में घुसकर तोडफोड किया। जिससे आक्रोशित कांग्रेसियों ने कलेक्टोरेट तक रैली निकाली और दो दर्जन से अधिक उपद्रवियों पर तत्काल एफआईआर दर्ज करने की मांग रखी। कांग्रेसियों को कलेक्टोरेट परिसर के बाहर पुलिस ने रोक दिया। जहां पुलिस और कांग्रेसियों के बीच जमकर बहस भी हुई।

नेशनल हेराल्ड मामले में भाजपा नेताओं ने कांग्रेस भवन के सामने पुतला दहन किया। कांग्रेस का आरोप है कि, भाजपाई भवन में घुसकर तोडफोड करने लगे। उस दौरान भवन में कुछ ही कांग्रेसी थे। हांलाकि इसकी जानकारी मिलने के बाद कांग्रेसी नेताओं में बेहद आक्रोश है। उन्होने इस मामले में तोडफोड करने वाले उपद्रवियों पर तत्काल अपराध दर्ज करने की मांग की हैं। कलेक्टोरेट परिसर के सामने कांग्रेसी पुलिस से भिड गए थे। जहां पुलिस पर तत्काल एफआईआर दर्ज करने का दबाव भी बनाया। कांग्रेसियों ने अंजोरा चौकी में आरक्षको की पिटाई और वर्दी फोडने के मामले में भी कांग्रेस ने पुलिस प्रशासन को घेरा। प्रदर्शन के बीच कलेक्टोरेट में पुलिस बल बस के जरिए भी पहुंच गई थी। हालाकि आधे घंटे बाद कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। कांग्रेसियों ने इस मामले में एसपी को लिखित ज्ञापन भी सौंपा है। इस दौरान पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल और आरएन वर्मा, अलताफ अहमद, रत्ना नारमदेव, अजय मिश्रा व एनएसयूआई के नेता भी शामिल रहे।

### कहा- चार थाने के टीआई और सीएसपी के सामने कैसे घुसे भाजपा



### पुलिस ने कहा बहस न करें, कांग्रेस ने कहा दबाव में हो क्या

कलेक्टोरेट के सामने पुलिस और कांग्रेसियों के बीच जमकर नोकझोंक भी हुई। कांग्रेसियों ने कहा पुतला दहन के दौरान चार थाने के टीआई और सीएसपी मौजूद थे। इसके बाद भी भाजपा नेता बेरीकेट्स तोडकर भवन में कैसे घुस गए। उन्होने कहा अगर एफआईआर नही होगा तो जवानों को निलंबित करने की मांग करेगें। इस पर एएसपी सुखनंदन राठौर ने कहा बहस न करे, जांच के बाद जो भी तथ्य होगें। उसके आधार पर कार्यवाही होगी। लेकिन कांग्रेस पहले अपराध दर्ज करने की बात कही। उन्होने सवाल उठाया क्या पुलिस दबाव में हैं।

### कांग्रेसियों ने पुलिस पर लगाया पक्षपात का आरोप

कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि, किसी के घर में घुसकर उपद्रव किया जाए तो क्या एफआईआर दर्ज नही होगी, कहा कांग्रेस भवन हमारे लिए मंदिर है। शहर अध्यक्ष गया पटेल ने कहा गेट से कूदकर नेता भवन के अंदर घुए गए थे। महामंत्री राजेन्द्र ठाकुर ने कहा कांग्रेसी नेता अगर ऐसा करते तो तत्काल कार्यवाही हो जाती। उन्होने कहा नैतिकता के नाते मामले में तत्काल एफआईआर होनी चाहिए। सौरभ ताम्रकार ने कहा, भाजपा नेता भवन के अंदर घुसकर उपद्रव कर रहे थे। जिसका पुलिस को वीडियों सौंपा गया हैं। कांग्रेसियों ने कहा भाजपा जब पुतला दहन कर रही थी तो क्यो नही रोका गया। उन्होने पुलिस पर पक्षपात करने का भी आरोप लगाया।

### लोकतंत्र पर हमला

"बीजेपी कार्यकर्ताओं ने कार्यालय में घुसकर न सिर्फ तोड़फोड़ की, बल्कि राजीव भवन का नामपट्ट तक मिटा दिया। ये हरकत सिर्फ ईंट-पत्थर पर हमला नहीं, बल्कि कांग्रेस की विचारधारा और लोकतंत्र पर सीधा हमला है। हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं। **-अरूण वोरा,** पूर्व विधायक दुर्ग

### युवा मोर्चा ने किया राहुल गांधी और सोनिया गांधी का पुतला दहन



नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय ईडी द्वारा कोर्ट में चार्जशीट सीट दाखिल किए जाने के बाद भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर प्रदेश युवा मोर्चा के निर्देशानुसार दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के मार्गदर्शन में युवा मोर्चा के द्वारा दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में एकत्रीकरण होकर रैली के रूप में कांग्रेस भवन के पास कांग्रेस नेता राहुल गांधी एवं सोनिया गांधी का पुतला दहन किया गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन के साथ युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं का झूमा झटकी भी हुई। शनिचरी बाजार के सामने पुतला दहन के बाद भाजपाई बेरीकेट्स लांघकर कांग्रेस भवन में भी प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, भिलाई जिला भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, पूर्व विधायक सांवला राम डहरे, सभापति श्याम शर्मा, युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री उपकार चंद्राकर, भाजपा जिला महामंत्री विजेंद्र सिंह, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष जीत हेमचंद यादव अमित मिश्रा, मनोज शर्मा, सानिध्य चंद्राकर उपस्थित रहे। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष जीत हेमचंद यादव ने कहा पूरी कांग्रेस पार्टी शुरू से करप्ट रही है और इनका आचरण समय-समय पर आम जनमानस के बीच में आता भी रहा है। युवा मोर्चा भिलाई जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा ने कहा नेशनल हेराल्ड की 2000 करोड़ की संपत्ति हासिल करने की कोशिश की एक लंबी प्रक्रिया के बाद प्रवर्तन निदेशालय ने चार्जशीट दाखिल किया है। प्रदेश नेतृत्व के आदेशानुसार आज हमने यह पुतला दहन वरिष्ठ नेताओं के उपस्थिति में किया।

## आधा दर्जन टंकियां नहीं भरी, परेशान रहे वार्डवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

रायपुर नाका स्थित 42एमएलडी में रखरखाव कार्य के चलते शुक्रवार को भी सुबह पेयजल की आपूर्ति ठप रही। जिसके कारण वार्डवासियों को सुबह का पानी नही मिल पाया। निगम प्रशासन का दावा है कि, शुक्रवार को देर शाम पेयजल आपूर्ति सामान्य हो गई।

- गर्मी की शुरुआत में ही पानी को लेकर हाहाकार

पाइपलाइन में आय दिन लिकेज के कारण अपडाउन लिया जा रहा है। वहीं शुक्रवार को 42एलएलडी में मेटेनेन्स कार्य कराने के चलते पेयजल सप्लाई शुक्रवार को बाधित रहा। जल विभाग प्रभारी लीना दिनेश देवांगन ने बताया कि, गुरूवार को देर रात इंटकवेल में सब स्टेशन का डीओ उड गया था। जिसे सुबह सुधारा किया गया। इसी कारण सप्लाई बाधित रही, हांलाकि देर शाम सप्लाई शुरू कर दिया गया। इसके पहले मेटेनेन्स कार्य गुरूवार को भी किया गया। ऐसे में दावा किया गया था कि, शुक्रवार को सप्लाई सामान्य हो जाएगी। लेकिन सुबह नल नही खुलने से वार्डवासी परेशान रहे। मेटेनेन्स के कारण गुरूवार को पांच बिल्डिंग सिविल लाईन, बोरसी- वार्ड नं. 49 (बोरसी पश्चिम), वार्ड नं. 50 (बोरसी पूर्व), वार्ड नं. 51 (बोरसी उत्तर), वार्ड नं. 52 (बोरसी दक्षिण) के आंशिक व वार्ड नं. 46 (पद्मनाभपुर पूर्व) के आंशिक,पोटिया टंकि वार्ड नं. 52 बोरसी दक्षिण, वार्ड नं. 53 पोटियाकला उत्तर, वार्ड नं. 54 पोटियाकला दक्षिण,बघेरा- वार्ड नं. 1 नयापारा, वार्ड नं. 2 राजीव नगर, वार्ड नं. 03 मठपारा दक्षिण, वार्ड नं. 04 मठपारा उत्तर रामनगर, बघेरा, बटालियन,सिकोला उरला- वार्ड नं. 14 सिकोला भाटा, वार्ड नं. 15 सिकोला बरती दक्षिण, वार्ड नं. 16 सिकोला बस्ती उत्तर, वार्ड नं. 57 उरला पश्चिम, वार्ड नं. 58 उरला पूर्व,कातुलबोर्डः- वार्ड नं. 21 तितुरडीह आंशिक आदि प्रभावित रहे।

### कांग्रेस की निगम प्रशासन को चेतावनी

नेता प्रतिपक्ष संजय कोहिने व उप नेता प्रतिपक्ष विजेन्द्र पटेल का कहना है कि, अप्रैल माह में अभी गर्मी की शुरुआत ही हुई है और शहर में पानी के लिए हाहाकार मचने लगा है। समस्या मूलक वार्डों में तो लोग अभी से बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं और नगर निगम प्रशासन को बगैर पानी पीए कोस रहे हैं। पिछले एक पखवाड़े से शहर में पेयजल वितरण व्यवस्था चरमरा गई है। बगैर किसी पूर्व सूचना के पेयजल आपूर्ति ठप कर दी जाती है। कभी शिवनाथ नदी के इंटकवेल में तो कभी फिल्टर प्लांट में तकनीकी खराबी आ जाती है। नतीजतन पेयजल आपूर्ति बाधित हो जाती है।सामाधान नहीं होने पर नागरिकों के साथ मिलकर आंदोलन पर बाध्य होगी।

# जुनवानी चौक पर आपराधिक तत्वों ने किया हुड़दंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



स्मृतिनगर पुलिस चौकी अंतर्गत जुनवानी चौक, चाय लाइन सहित आसपास के एरिए में बीती रात शरारती तत्वों ने जमकर हुड़दंग हुआ। मामले में दो पक्षों ने एक-दूसरे पर जमकर लात-घूसे बरसाए। बेस बॉल बैट, हॉकी, डंडे से एक दूसरे पर ताबड़तोड़ प्रहार किए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। फिलहाल में जांच जारी है। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इसके आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। मामले में पुलिस ने मिहिर जायसवाल की शिकायत पर रोहन सिंह और रोहन सिंह की शिकायत पर मिहिर जायसवाल के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। इस मामले में किसी अमित सिंह का नाम भी सामने आया है, लेकिन अब तक उसे आरोपी नहीं बनाया गया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक आपसी रंजिश के कारण यह पूरी घटना हुई। रोहन सिंह और अमित सिंह नामक युवक का पुराना झगड़ा था। दोनों इसी बात को लेकर आपस में विवाद कर रहे थे। इस बीच बचाव के लिए मिहिर पहुंच गया। इसके बाद विवाद बढ़ गया। मिहिर जायसवाल से रोहन का विवाद शुरू हो गया। अमित और उसके साथ मौजूद कुछ लोगों ने मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान अमित के साथ आयुष, अंश मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे। घटना रात करीब साढ़े 11 बजे शुरू हुई। मिहिर और उसके बड़े भाई जितेंद्र ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में सही नहीं किया। उल्टा मिहिर को फंसाने का प्रयास किया, रात में उससे भी कथित रूप से मारपीट की गई। इसके चोट के निशान अब भी हैं। जितेंद्र ने मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की है। वहीं रोहन सिंह का कहना है कि अमित पुराना निगरानीशुदा है। उसका नाम अमित जोशी गोलीकांड में भी सामने आया था, लेकिन अब भी वह फरार है। खबर है कि मामला महादेव सट्टा से जुड़ा है, पैसों को लेकर ही दोनों पक्षों में विवाद था। बहरहाल पुलिस ने ऐसी किसी भी बात से इंकार किया है। मामले में पुलिस की विवेचना जारी है। दोनों पक्ष के लोग भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ता बताए गए हैं।

- आपसी रंजिश के चलते जमकर चले लात-घूसे, शिकायत के बाद स्मृतिनगर पुलिस ने काउंटर केस दर्ज, महादेव सट्टा के पैसे को लेकर विवाद की आशंका

### संजय नेता प्रतिपक्ष, विजेन्द्र बने उप नेता प्रतिपक्ष

**दुर्ग।** अभा कांग्रेस के महासचिव व छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी सचिन पायलट ने ननि में नेता प्रतिपक्ष और उपनेता प्रतिपक्ष की सूची जारी की है। जिसमें दुर्ग ननि में पूर्व विधायक अरूण वोरा के समर्थक रहे पूर्व जल विभाग के प्रभारी संजय कोहिले को नेता प्रतिपक्ष और पार्षद विजेन्द्र पटेल को उप नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी दी हैं। विगत 16 अप्रैल को नियुक्ति पत्र जारी की गई है।

### कार्यालय का आबंटन नहीं

**दुर्ग।** ननि में कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष को कार्यालय का आबंटन ही नहीं किया है। सभी एमआईसी को कार्यालय का बकायदा आबंटन कर दिया गया है। जिसे लेकर नेता प्रतिपक्ष संजय कोहिने ने आयुक्त सुमीत अग्रवाल को पत्र लिखा है।

PRISM COLLEGE OF PHARMACY, UTAI
APPOINTMENTS
Prism College of Pharmacy, under the aagis of
Saroj Gopal Education Society invites applications for the following post
PRINCIPAL / PROF. / ASSO. PROF. / ASST. PROF.
in the discipline of D PHARMA
Qulification, experience and Pay Scales as per PCI & CSVTU, Bhilai, norms.
Interested and eligible candidates may send their resume along with relevant testimonials and passport size photograph within 15 days of this advertisement to whatsapp +91 92018 36715 or mail it to prismpharmacy21@gmail.com
Campus: Mahkakhurd, Utai, Tahsil Patan, Dist Durg, Chhattisgarh, Pin 491107

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

## अपशिष्ट प्रबंधन, शौचालयों की प्रगति पर हुई बैठक

# गांव में भी कचरे के बदले वसूला जाएगा चार्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मिशन के विभिन्न बिंदुओं पर एजेण्डावार चर्चा की गई।

- कलेक्टर ने बैठक लेकर दिए अफसरों को निर्देश

कलेक्टर ने बैठक में सेग्रीगेशन वर्कशेड, कम्पोस्ट एवं सोकपिट निर्माण, असफल हैंडपंपों में रिचार्ज पिट, जल शुद्धिकरण इकाइयां, प्लास्टिक एवं फीकल स्लज मैनेजमेंट, गोबरधन योजना, व्यक्तिगत और सामुदायिक शौचालय, तथा मॉडल ग्राम पंचायत विकास से संबंधित प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन ग्रामों में कचरा एकत्र नहीं हो रहा है, वहां स्वच्छता यूजर चार्ज वसूला जाए। साथ ही वर्कशेड्स में सूखा एवं गीला कचरा पृथक करना अनिवार्य किया जाए, जिससे खाद, ईंधन एवं अन्य सामग्री तैयार की जा सके। जिला पंचायत सीईओ श्री बजरंग दुबे ने जानकारी दी कि ग्राम स्तर पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु 381 ग्रामों में वर्कशेड निर्माण पूर्ण हो चुका है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु प्रत्येक ग्राम में दो गार्बेज ट्राईसायकल एवं आवश्यक सुरक्षा



### उपयोगविहिन बोरवेल्स को करेंगे रिचार्ज

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि असफल हैंडपंपों में रिचार्ज पिट निर्माण के बाद जल स्तर का परीक्षण अवश्य किया जाए। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 344 रिचार्ज पिट निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई थी, जो कि पूर्ण हो चुके हैं। बैठक में फीकल स्लज मैनेजमेंट की समीक्षा भी की गई। कलेक्टर ने अधिक से अधिक सेप्टिक टैंकों की सफाई और रिसायक्लिंग पर बल दिया। जिले में 5 फीकल स्लज प्रबंधन इकाइयाँ स्थापित की गई हैं। जनपद पंचायत धमधा और पाटन को सक्रियता बढ़ाने के निर्देश दिए गए, वहीं जनपद पंचायत दुर्ग में डी-स्लज वाहन की आवश्यकता जताई गई। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 3 प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट इकाइयों के निर्माण की स्वीकृति दी गई थी, जो कि पूर्ण हो चुकी हैं। ये इकाइयाँ ग्राम पंचायत कोलिहापरी (जनपद मनरेगा), लिटिया (धमधा) और पतोरा (पाटन) में स्थापित की गई हैं। कलेक्टर ने अतिरिक्त ई-रिक्शा की

स्वामी जी
93406-38884
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक
23 मई 2025
06 जून 2025
14 अगस्त 2025
11 सितंबर 2025
03 अक्टूबर 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

04

क्यूबा पर असर अफ्रीका का

## लाइव इवेंट

### अनुबंध : कृषि विवि के छात्र रिसर्च के लिए जा सकेंगे उज्बेकिस्तान



**भिलाई।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के छात्र अब उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान के लिए उज्बेकिस्तान जा सकेंगे। इसी तरह उज्बेकिस्तान के स्टूडेंट्स कृषि विवि में अध्ययन और रिसर्च कर सकेंगे। कृषि विवि और डेनाउ इंस्टीट्यूट ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप एंड पेडागॉजी उज्बेकिस्तान के बीच गुरुवार को समझौता हुआ। दोनों शैक्षणिक संस्थाओं ने पिछले दिनों अनुबंध में हस्ताक्षर किए।उज्बेकिस्तान में भारत की राजदूत स्मिता पंत की उपस्थिति में संपन्न ऑनलाइन अनुबंध समारोह में द्विपक्षीय समझौता ज्ञापन पर कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल तथा डेनाउ इंस्टीट्यूट ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप एंड पेडागॉजी के कुलाधिसचिव (रेक्टर) प्रो. आयबेक रोजिव ने हस्ताक्षर किए। इस द्विपक्षीय समझौते के अनुसार दोनों संस्थानों के विद्यार्थी स्नातक, स्नातकोत्तर तथा शोध पाठ्यक्रमों में अध्ययन हेतु एक-दूसरे संस्थान में जा सकेंगे। इसी प्रकार दोनों संस्थानों के प्राध्यापक एवं वैज्ञानिक भी एक-दूसरे के संस्थान में अध्ययन एवं अनुसंधान कर सकेंगे।

## सिटी इवेंट

### यूथ सिख ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बेटी की कराई शादी



**भिलाई।** यूथ सिख सेवा समिति ने एक और कन्या का विवाह कराया। सुपेला गुरुद्वारा साहिब में यह आयोजन किया गया। इसमें लड़के और लड़की दोनों परिवार मौजूद थे। यूथ सिख सेवा समिति भिलाई के अध्यक्ष इंदरजीत सिंह पूरी टीम इस दौरान मौजूद थी। वर-वधू को उनके नए जीवन के लिए आशीर्वाद दिया। उपहार स्वरूप लड़की को सिलाई मशीन दी। समिति ने तय किया है कि आर्थिक रूप से कमजोर सिख परिवार में किसी भी बेटी की शादी की पूरी जिम्मेदारी यूथ सिख सेवा समिति उठाएगी। इस अवसर पर दोनों तरफ के लगभग 150 लोगों को भोजन भी करया गया। गुरुद्वारा साहिब में लावा फेरे की सेवा और बच्ची को उपहार स्वरूप सिलाई मशीन समिति प्रदान किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष इंदरजीत सिंह, कोषाध्यक्ष मलकीत सिंह, उपाध्यक्ष रंजीत सिंह, उपाध्यक्ष हरनेक सिंह, उपाध्यक्ष करमजीत सिंह बेदी, महासचिव जसवंत सिंह सैनी, सचिव अवतार सिंह, खेलकूद समिति से हरजिंदर सिंह, निशान सिंह, सुपेला गुरुद्वारा प्रधान पलविंदर सिंह रंधावा, जसवंत सिंह खालसा, सुखविंदर सिंह, कुलदीप सिंह, दलवीर सिंह मौजूद थे।



## लाइव इवेंट

### पुराना बस स्टैंड से आज निशुल्क बंटेगा कोटना और सकोरा



**दुर्ग।** जन समर्पण संस्थान के सेवा को 3 हजार दिन पूरे हो गए हैं। इस उपलक्ष्य में संस्था द्वारा पुराना बस स्टैंड से सकोरा और कोटना का निशुल्क वितरण किया जाएगा। 19 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से वितरण शुरू किया जाएगा। संस्था प्रमुख योगेश बंटी शर्मा ने बताया कि जन समर्पण सेवा संस्था विगत वर्षों से बिना रुके बिना किसी दिन नागा किये प्रतिदिन निशुल्क भोजन की सेवा दे रही है। गौ सेवा, पशु-पक्षियों की सेवा, दिव्यांगजनों की सेवा भी कर रही है। इस अवसर पर शहर में गौ माता एवं अन्य पशु-पक्षियों के दाना पानी रखने हेतु निःशुल्क कोटना एवं सकोरे वितरण का कार्यक्रम रखा गया है। कोई भी व्यक्ति, समाज, संस्था पहुंचकर कोटना और सकोरा प्राप्त कर सकता है।

● दुर्ग-भिलाई में 12 से ज्यादा चर्चों में सुबह से कार्यक्रम, एकजुट नजर आया मसीही समाज

# यीशु के बलिदान की याद में निकली क्रूस यात्रा, ट्विनसिटी के गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना, सेवन वड्र्स फॉर द क्रॉस का दिया संदेश, संडे को इस्टर

गुड फ्राइडे का पर्व शुक्रवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। यह दिन प्रभु यीशु मसीह के बलिदान की याद में मनाया जाता है। दुर्ग-भिलाई के 12 से ज्यादा गिरजाघरों में इस अवसर पर दिनभर विशेष प्रार्थनाएं और आराधनाएं हुईं। भिलाई के सेक्टर-6 और दुर्ग के मेनोनाइट, पद्मनाभपुर चर्च में विशेष आराधनाएं आयोजित हुईं। सुबह 9 से 11 बजे और दोपहर 12 से 2 बजे तक प्रार्थनाएं हुईं। इन आराधनाओं में अलग-अलग शहरों से आए लोगों ने ईश्वर यीशु का संदेश सुनाया। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के चर्चों में भी गुड फ्राइडे मनाया गया। इस दिन की आराधनाओं में प्रभु यीशु मसीह द्वारा क्रूस पर कहे गए अंतिम सात वाक्यों पर प्रवचन दिए गई, जिन्हें सेवन वड्र्स फ्रॉम द क्रॉस कहा जाता है। ये वाक्य मानवता के लिए उनका अंतिम संदेश माने जाते हैं और इन्हीं पर आधारित संदेश हर चर्च में दिए जाएंगे। शुक्रवार को क्रूस यात्रा निकाली गई। इसके साथ जानकारी दी गई कि संडे को इस्टर मनाया जाएगा।



### क्रूस यात्रा निकालकर 14 पड़ावों को किया याद

ट्विनसिटी के चर्चों में दीप्तीदान क्रिश्चयन चर्च खुर्सीपार, सीसी चर्च सेक्टर 6, चर्च ऑफ गार्ड सुपेला, करुणा चर्च नंदिनी रोड, मेनो नाइट चर्च, दुर्ग क्रिश्चयन चर्च, होशन्ना मंदिर, पुरैना चर्च समेत अन्य चर्चों में गुड फ्राइडे में प्रार्थना, बाइबिल का वचन पढ़कर प्रभू यीशु को याद किया गया। इधर सेंट जोसफ चर्च के सदस्यों ने सेक्टर 9 चौक से सेंट जोसफ चर्च तक क्रूस यात्रा निकाल उन 14 पड़ावों को भी याद किया। यह क्रूस यात्रा सेक्टर 6 स्थित चर्च सेंट जोसफ द वर्कर चर्च में क्रूस यात्रा के बाद विशेष प्रेयर भी हुई। मान्यता है कि गुड फ्राइडे के तीसरे दिन रविवार को प्रभु यीशु दोबारा जीवित हुए। 40 दिनों तक लोगों के बीच उपदेश देते रहे। उनके दोबारा जीवित होने की घटना रविवार को ईस्टर के रुप में मसीह समाज मनाता है। गुड फ्राइडे को चर्चो में प्रभु यीशु के आखिरी पलों के जीवन के बारे में बाइबिल से वचनों के बारे में समाज के लोगों के बीच फादर द्वारा प्रचार प्रसार किया जाता है। इसे शोक का दिन भी कहा जाता है।



**भिलाई।** गुड फ्राइडे को यीशु मसीह की मृत्यु का दिन माना जाता है, इसलिए इस दिन चर्चों में कोई सजावट नहीं की जाती। यह एक शोक का दिन होता है, इसीलिए आराधना भी गंभीर और श्रद्धा से भरी होती है। अन्य त्योहारों की तरह इस दिन चर्च को रंग-बिरंगे फूलों और सजावट से नहीं सजाया जाता। गिरजाघरों में बताया गया कि प्रभु यीशु मसीह ने क्रूस पर अपने प्राणों का बलिदान देकर मानव जाति को पापों से मुक्ति का रास्ता दिखाया और अनंत जीवन का मार्ग प्रशस्त किया। उन्हें झूठे आरोपों में धर्मद्रोही बताकर गिरफ्तार किया गया। कई अदालतों में पेश किया गया, लेकिन रोम के शासक पीलातुस ने उन्हें निर्दोष पाया। फिर भी यहूदी नेताओं के दबाव में उन्हें क्रूस पर चढ़ा दिया गया। गुलगुता नामक स्थान पर उन्हें क्रूस पर लटकाया गया, जहां उन्होंने पीड़ा सहते हुए भी अपने शत्रुओं के लिए प्रार्थना की कि हे पिता, इन्हें क्षमा कर, क्योंकि ये नहीं जानते कि वे क्या कर रहे हैं। यह वाक्य प्रेम और क्षमा का सर्वोत्तम उदाहरण है। प्रभु यीशु ने जीवनभर मानवता, दया और सत्य की राह पर चलने की शिक्षा दी। उन्होंने परमेश्वर की आज्ञा का पालन करते हुए अपना बलिदान पूर्ण किया। इसीलिए इस दिन को गुड फ्राइडे कहा जाता है। यह कोई उत्सव नहीं, बल्कि उपवास, प्रार्थना और प्रभु के बलिदान को स्मरण करने का दिन है। यह अवसर है आत्मचिंतन का, जब हम प्रभु के पास लौटकर क्षमा और शांति की तलाश करते हैं।

### गिरजाघर में जुटा मसीही समाज, मिलकर सभी ने की प्रार्थना

ट्विनसिटी के मसीह समाज ने गुड फ्राइडे के दिन क्रूस यात्रा निकाली। यह पर्व ईसाई समाज के लिए यह बहुत खास होता है। इसे दुखभोग सप्ताह के रूप में भी जाना जाता है। ऐसी मान्यता है कि मानव जाति की रक्षा के लिए प्रभु यीशु ने बलिदान दे दिया था। दरअसल यीशु को यहूदी शासकों ने शारीरिक और मानसिक रूप से कई यातनाएं दीं और उन्हें सूली पर चढ़ा दिया, जिस दिन यीशु को सूली पर चढ़ाया गया था, वो दिन शुक्रवार था। इसलिए यह दिन गुड फ्राईडे के रूप में जाना जाता है। इसी वजह से ईसाई धर्म के लोग गुड फ्राइडे के दिन प्रभु यीशु के बलिदान को याद करते हैं। भिलाई-दुर्ग के चर्चों में ईसाई समुदाय के लोग प्रार्थना करते हैं। साथ ही प्रभु यीशु की याद में उपवास भी रखा गया। ईसा मसीह की कुर्बानी को याद करते हुए हर साल गुड फ्राइडे मनाया गया। प्रभु भोज में मसीही समाज के लोग शामिल हुए।



JOB VACANCY

दुर्ग के अलावा रायपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर और जगदलपुर में बनाए जाएंगे परीक्षा केंद्र

# सब इंजीनियर की 128 पोस्ट के लिए 25 हजार उम्मीदवार, 27 को एग्जाम, सहलेखक का नया नियम इसी भर्ती से लागू

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** पीएचई सब इंजीनियर भर्ती के लिए 27 अप्रैल को परीक्षा आयोजित की जाएगी। नई वेकेंसी के रूप में व्यापमं से होने वाली यह साल की पहली भर्ती परीक्षा है। 128 पदों के लिए करीब 25 हजार दावेदार हैं। दिव्यांगजन अभ्यर्थियों को सहलेखक देने का नया नियम इसी परीक्षा से लागू किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि एडमिट कार्ड जल्द जारी होंगे। इसे लेकर तैयारी की जा रही है। व्यापमं से इस साल 32 परीक्षाएं होंगी। इसकी शुरुआत 9 मार्च से हो चुकी है। अब तक तीन परीक्षा हुई हैं। 9 मार्च को प्रयोगशाला सहायक, 23 मार्च को मत्स्य निरीक्षक और 13 अप्रैल को सहायक सांख्यिकी अधिकारी की भर्ती परीक्षा शामिल है। यह पुरानी भर्तियां हैं। इसके लिए 2023 और 2024 में विज्ञापन जारी हुआ था और आवेदन मंगाए गए थे। पीएचई सब इंजीनियर की भर्ती नई है। इसके लिए पिछले महीने आवेदन मंगाए गए थे। कुल 128 पदों पर भर्ती होगी। इसमें 118 सिविल और 10 पद विद्युत यांत्रिकी सब इंजीनियर के लिए है। इसके लिए करीब 25 हजार आवेदन मिले हैं। रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, अंबिकापुर और जगदलपुर में परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे। इस परीक्षा के बाद फिर व्यापमं से प्रवेश परीक्षाओं का दौर शुरू हो जाएगा। 1 मई से 5 जून तक यह परीक्षाएं होंगी।

### सहलेखक के लिए मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट आवश्यक

व्यापमं की परीक्षाओं में सहलेखक देने का नियम बदला है। इसके अनुसार दिव्यांगता सर्टिफिकेट के अलावा डॉक्टर का लेटेस्ट सर्टिफिकेट भी जरूरी है। फर्जीवाड़ा रोकने के लिए यह व्यवस्था की गई है। व्यापमं के अधिकारियों का कहना है कि सहलेखक के संबंध में केंद्र सरकार की ओर से कुछ साल पहले निर्देश जारी किए गए हैं। व्यापमं की परीक्षाओं अब लागू किया जा रहा है। इसके अनुसार दृष्टिबाधित, दोनों हाथ से J दिव्यांग या अन्य श्रेणी में संदर्भित दिव्यांगजन जिन्हें शारीरिक एवं मानसिक अक्षमता के कारण लिखने में परेशानी हो, उन्हें सहलेखक की सुविधा उपलब्ध दी जाएगी। इसके लिए पहले जिला मेडिकल बोर्ड का प्रमाण पत्र जरूरी था। अब इस प्रमाण पत्र के अलावा दिव्यांगता से संबंधित डॉक्टर की लेटेस्ट रिपोर्ट भी अनिवार्य है। इसकी अवधि छह माह की होगी। पीएचई सब इंजीनियर भर्ती परीक्षा से यह नियम लागू हो गया है।

### एडीईओ भर्ती : आवेदन में अब ग्रेड भी मान्य

सहायक विकास विस्तार अधिकारी एडीईओ भर्ती के लिए आवेदन की प्रक्रिया 7 अप्रैल से शुरू है। आवेदन में विभिन्न तरह की जानकारी मांगी जा रही है। जैसे, ग्रेजुएशन कहां से किया, पूर्णांक कितना और प्राप्तांक कितना। रोल नंबर क्या था? इसे लेकर छात्रों को आवेदन करने में परेशानी हो रही थी। निर्धारित कॉलम भरे बगैर उनका फॉर्म सबमिट नहीं हो रहा था। इसे लेकर व्यापमं ने फॉर्म में कुछ बदलाव किया गया। अब सीजीपीए स्कोर या ग्रेड के अनुसार भी आवेदन किए जा सकते हैं। एडीईओ भर्ती के लिए 2 मई शाम 5 बजे तक ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन में त्रुटि सुधार 3 से 5 मई शाम पांच बजे तक किए जा सकेंगे। 15 जून को भर्ती परीक्षा होगी।

### देश में 35 से 36 लाख उम्मीदवार देते हैं परीक्षा

जानकारी के मुताबिक इस परीक्षा में औसतन 35 से 36 लाख उम्मीदवार बैठते है। यह देश के सबसे बड़े रिक्रूटमेंट एग्जाम में से एक है। टियर-1 परीक्षा के बाद कट ऑफ के आधार पर छात्र टियर-2 के लिए चुने जाते हैं। टियर-2 की मेरिट के आधार पर उम्मीदवारों का चयन किया जाता है। कर्मचारी चयन आयोग की ओर से पहली बार श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अधीन आने वाले कर्मचारी राज्य बीमा निगम के लिए रिक्रूटमेंट करेगा। इससे पहले यह भर्तियां मल्टी टास्किंग स्टाफ की ओर से करवाई जाती थी। एसएससी के कैलेंडर के अनुसार सीजीएल का नोटिफिकेशन अप्रैल के तीसरे सप्ताह में जारी हो जाना चाहिए और परीक्षा जुलाई में प्रस्तावित है, लेकिन 2024 की परीक्षा में उठे विवाद के कारण नोटिफिकेशन व परीक्षा में 20 दिन से एक माह तक की देरी संभव है।

### एसएससी सीजीएल-2025 के दस हजार से अधिक पदों के लिए भर्तियां

स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (एसएससी) की साल 2024 की कंबाइंड ग्रेजुएट लेवल (सीजीएल) की भर्तियों के विवादों के बीच अब केंद्रीय विभागों ने साल 2025 के लिए वैकेंसी भेजना शुरू कर दिया है। हालांकि साल 2025 का नोटिफिकेशन आना अभी बाकी है। अब तक एसएससी को विभिन्न विभागों सेकरीब 7090 वैकेंसीज मिल चुकी है। ऐसे में उम्मीद है कि कुल भर्तियों की संख्या दस हजार से अधिक ही होगी। सबसे अधिक पद इस साल इनकम टैक्स ऑफिसर, जीएसटी इंस्पेक्टर और ऑफिस सुप्रीटेंडेंट (ओएस) के हो सकते हैं। वहीं ईएसआईसी और ईपीएफओ में बंपर वैकेंसी आने की उम्मीद है। 4200 ग्रेड पे में अब तक सबसे अधिक पद रिपोर्ट किए गए हैं। ओएस की ग्रेड-पे इसी स्लैब में शामिल है। एसएससी साल 2025 में कई बदलाव भी करने जा रहा है। इसी वजह से एग्जाम करवाने के लिए टेक्निकल एजेंसी के लिए टेंडर भी जारी किए हैं। टेंडर प्रक्रिया भी जल्दी पूरी होगी।

## सिटी इवेंट

# सब्जी मार्केट में लगा वॉटर कूलर व्यापारियों को मिलेगा ठंडा पानी



**भिलाई।** अग्रवाल महिला मंडल की महिलाओं ने सब्जी मार्केट आकाशगंगा सुपेला में प्याऊ घर खोला। जहां नियमित रूप से लोगों को वाटर कूलर के माध्यम से ठंडा पानी उपलब्ध होगा। इस अवसर पर अध्यक्ष निर्मला हेलीवाल, महासचिव सरिता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राधा जैन, लक्ष्मी अग्रवाल, संगीता बमेल, मीनू जैन, सरोज अग्रवाल, उमा अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे। थोक सब्जी विक्रेता संघ के अध्यक्ष रवि सिंह ने महिलाओं के इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया। महिलाओं ने कहा उनकी समिति सामाजिक हित में लगातार प्रयासरत है। इसके लिए वे नियमित रूप से जरुरतमंदों को सहयोग भी प्रदान करती हैं। उन्होंने आगामी दिनों में इस तरह के प्रयास और भी करने की बात कही।

## सिटी लाइव

# गिरेंद्र को सांस्कृतिक दूत और अनमोल को युवा शक्ति सम्मान



**भिलाई।** समता साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम गोंडवाना भवन धमतरी में संपन्न हुआ। इसमें छत्तीसगढ़ से 80 प्रतिभावान व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। उद्घोषक गिरेंद्र साहू को लोककला, साहित्य, संस्कृति, व्यक्तित्व विकास एवं समाजसेवा के लिए सांस्कृतिक दूत अवार्ड से नवाजा गया। समता साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के पदाधिकारी संरक्षक सुशीला देवी वाल्मीकि, प्रांताध्यक्ष जीआर बंजारे, महासचिव प्रेम साइमन के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. जीसी भारद्वाज प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय खरौद जांजगीर थे। विशेष रूप से सुरेश कुमार ठाकुर, राममिलन रावते, पारस दास मानिकपुरी उपस्थित थे। आयोजित कार्यक्रम में कराते खिलाड़ी अनमोल साहू को स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति अवार्ड से सम्मानित किया गया। आयोजन में हरीश साहू ने बताया कि दुर्ग जिले में प्रतिभा की कमी नहीं है। छोटे बच्चों से लेकर युवाओं ने अपनी प्रतिभा से पूरे देश में स्थान प्राप्त किया है। ऐसे सम्मान से उन्हें प्रोत्साहन मिलता है।



## सिटी इवेंट

# राहुल आईसीएआई की एआई समिति में विशेष आमंत्रित सदस्य नियुक्त



- देशभर के 30 लोगों को किया गया है शामिल
- 2025-26 के लिए की गई नियुक्ति

**भिलाई।** सीए शाखा के पूर्व अध्यक्ष सीए राहुल बत्रा को इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस समिति में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति वर्ष 2025-26 के लिए हुई है। गौरतलब हो कि कमेटी द्वारा देशभर से केवल 30 लोगों को यह स्थान दिया गया है जिसमें छत्तीसगढ़ से केवल सीए राहुल बत्रा की नियुक्ति होना भिलाई शाखा सहित प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। राहुल ने हमेशा अपने कार्यों के माध्यम से चार्टर्ड अकाउंटेंसी क्षेत्र में आधुनिक तकनीक के उपयोग को प्रोत्साहित किया है। उनकी नियुक्ति से आईसीएआई की इस समिति को गहन अंतर्दृष्टि और रणनीतिक मार्गदर्शन मिलने की उम्मीद है, जिससे एआई आधारित समाधान अधिक प्रभावी और व्यावहारिक बनाए जा सके।

## ट्विनसिटी में एक हजार से ज्यादा शादियां, ग्रामीण क्षेत्रों में भी रहेगी शादी-ब्याह की धूम

# शुभ मुहूर्त में शादी का सीजन शुरू: 19 अप्रैल से 6 जुलाई तक 25 दिन, अक्षय तृतीया समेत 5 अबूझ मुहूर्त, मैरिज पैलेस फुल

**भिलाई।** नव संवत्सर के बाद 14 अप्रैल से विवाह सहित अन्य मांगलिक कार्यों की एक बार फिर शुरुआत हो चुकी है। यह सिलसिला 6 जुलाई तक चलेगा। 19 अप्रैल से 6 जुलाई तक कुल 25 दिन शुभ मुहूर्त आएंगे। इनमें 22 सावे और 5 अबूझ मुहूर्त शामिल हैं। ज्योतिषाचार्य पं. आतिम चक्रबर्ती और भगवताचार्य पं. लाखेश्वर पांडेय बताते हैं कि 14 अप्रैल सोमवार तड़के 3:21 बजे सूर्य का मीन राशि से मेष राशि में प्रवेश किया है। इसी के साथ मीन मलमास समाप्त हो गया। मांगलिक कार्यों पर लगा विराम हट गया। इसके बाद से ट्विनसिटी में लगातार शादियां शुरू हो गई है। मैरिस पैलेस संचालकों की मानें तो पूरे महीने अप्रैल महीने में बुकिंग हैं, जुलाई महीने तक कम से कम 1 हजार शादियां होंगी। यह आंकड़े केवल शहरी क्षेत्र के हैं, ग्रामीण क्षेत्रों में भी शादियों का दौर शुरू हो चुका है। पंडित चक्रबर्ती बताते हैं कि इस अवधि में गृह प्रवेश, यज्ञोपवीत, गृहारंभ, व्यवसाय आरंभ सहित विवाह संस्कार जैसे कार्य संपन्न किए जा सकेंगे। रेखा अनुसार सावे मुहूर्त में 10 रेखा में 2 मुहूर्त 9 जून, 10 जून, 9 रेखा में 2 मुहूर्त 29 अप्रैल, 30 अप्रैल, 8 रेखा में 6 मुहूर्त 16 अप्रैल, 5 मई, 6 मई, 2 जून, 7 जून, 8 जून, 7 रेखा में 8 मुहूर्त 19 अप्रैल, 20 अप्रैल, 25 अप्रैल, 7 मई, 8 मई, 17 मई, 4 जून,6 रेखा में 3 मुहूर्त 13 मई, 1 जून हैं। गुरु अस्त में 14 जून से 7 जुलाई के दौरान भी 5 अबूझ व स्वयं सिद्ध मुहूर्तों में विवाह जैसे मांगलिक कार्य संभव रहेंगे। मुख्य रूप से 30 अप्रैल अक्षय तृतीया, 5 मई जानकी नवमी, 12 मई वैशाखी पूर्णिमा, 5 जून गंगा दशमी, 4 जुलाई भड़ल्या नवमी, 6 जुलाई को देव शयनी एकादशी में मुहूर्त है। इसके बाद मांगलिक कार्यों पर फिर से रोक लग जाएगी। अगला शुभ विवाह मुहूर्त 1 नवंबर को देव प्रबोधिनी एकादशी से प्रारंभ होगा। इस प्रकार अप्रैल से जुलाई तक मुहूर्त के बाद नवंबर महीने में 21 से 25, 29 व 30 (7 दिन), दिसंबर में 1, 4, 5 व 6 (4 दिन) का विशेष मुहूर्त है। मुहूर्तों को ध्यान रखते हुए लोगों ने शादी सेट करना शुरू कर दिया है। आगामी दिनों में दुर्ग और भिलाई दोनों शहरों में शादी की खासी धूम रहेगी।



### बैंड-बाजा, डीजे से लेकर मैरिज पैलेस सभी में बुकिंग



बैंड-बाजा, डीजे और मांगलिक भवनों के व्यावसाय से जुड़े लोगों ने बताया कि अप्रैल और मई महीने में शादी को लेकर कई बड़ी बुकिंग है। इस वजह से शादी के लिए पहुंचने वाले लोगों को लौटाना पड़ रहा है। दुर्ग और भिलाई में बड़े मैरिज पैलेस और होटल को मिलाकर 50 सेंटर होंगे। इसके अलावा 200 से ज्यादा मांगलिक और सामाजिक भवन हैं। इन जगहों पर शादी-ब्याह होते हैं। सभी जगहों पर बुकिंग है। जिस प्रकार से लोग बुकिंग के लिए पहुंच रहे हैं, उससे लगता है, सीजन में 1 हजार से ज्यादा शादियां होनी है। होटल, टेंट, लाइट एंड डेकोरेशन, फोटोग्राफी से लेकर अन्य सभी सेग्मेंट में बुकिंग है।

### जन्म पत्रिका के अनुसार बनता है शादी-ब्याह का योग

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि मांगलिक कार्यक्रम में पाणिग्रहण संस्कार का बहुत बड़ा महत्व है। विवाह का दिन व लग्न निश्चित करते समय वर एवं वधु की जन्म पत्रिका के अनुसार सूर्य, चंद्र व गुरु की गोचर स्थिति का ध्यान रखना जरूरी होता है। ज्योतिषाचार्य ने कहा कि जब सूर्य का मकर राशि में प्रवेश हो जाता है। उसके बाद से ही मांगलिक कार्यक्रम शुरू होता है। उन्होंने कहा कि जब सूर्य बृहस्पति राशि में प्रवेश करता है तो पुनः खरमास शुरू हो जाता है। तिथि को देखते हुए मुहूर्त निकाला जाता है। पंडितों ने बताया कि इस वर्ष शादी को लेकर कुछ खास मुहूर्त है। शादी के मुहूर्तों की संख्या भी हर वर्ष की तुलना में ज्यादा है। इसलिए अधिक शादियां होने की संभावना है।

### दिन में शादी के लिए शुभ मूहूर्त



ज्योतिषाचार्य लाखेश्वर पांडेय ने कहा कि आज के समय में लोग दिन के भी मुहूर्त का विशेष ध्यान रख रहे हैं, क्योंकि ज्यादातर शादियां दिन में भी हो रही है। उन्होंने कहा इसलिए जिन्हें दिन में शादी करनी है, वह दिन की तिथियां को देखें और जिन्हें रात्रि में शादी करनी है। वह रात्रि के तिथियां पर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि समाज में कुछ लोग दिन के मुहूर्त को ठीक नहीं मानते हैं लेकिन ऐसा शास्त्र में कहीं वर्णित नहीं है। उन्होंने कहा कि जितना शुभ दिन का मुहूर्त होता है। उतना ही रात्रि का भी मुहूर्त होता है।

## डिजिटल रोजगार के अवसर

# छत्तीसगढ़ का पहला एआई लैब खुलेगा भिलाई में, 25 सेंटर खोलने का टार्गेट



**भिलाई।** आम जीवन में बढ़ती आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक को लेकर हर किसी में उत्सुकता है। भिलाई में प्रतिभा की कमी नहीं है। शहर साथ ग्रामीण युवाओं को भी एआई तकनीक से पारंगत करने की इच्छा रखने वाले समीर रंजन भिलाई में छत्तीसगढ़ का पहला एआई लैब शुरू करने वाले हैं। उन्होंने बताया कि एक साल में छत्तीसगढ़ के भीतर 25 केन्द्र खोलने का लक्ष्य लेकर वे काम कर रहे हैं। तीन साल में 100 केन्द्र खोलने का उनका लक्ष्य है। भिलाई में जन्मे समीर रंजन की पहचान विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त एआई विशेषज्ञ, उद्यमी और शिक्षक के रूप में है।

उनके पिता वर्तमान में भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत हैं। एनआईटी रायपुर से बीटेक करने के बाद समीर रंजन यूएस चले गए। उन्होंने अपनी विशेषज्ञता से मायामाया और मेडिकोएड जैसे एआई-संचालित प्लेटफॉर्म का निर्माण किया है। उनसे दुनिया के विभिन्न देशों के व्यवसायों, छात्रों और नौकरी चाहने वालों को फायदा हुआ है। एआई तकनीकी आम जीवन में काफी उपयोगी है। समीर रंजन पेटेंट और सीडीएओ सर्किल द्वारा एआई इन्फ्लुएंसर ऑफ द ईयर और यूटी डलास द्वारा एलुमनस ऑफ द ईयर जैसी वैश्विक मान्यता के साथ, वर्तमान में समावेशी, किफायती और विश्व स्तरीय एआई शिक्षा के माध्यम से ग्रामीण भारत को बदलने की अपनी कार्ययोजना को भारतीय ग्रामीण परिवेश में सफल संचालन इरादे से आए हैं। इसी कड़ी में वे भिलाई में पहला एआई लैब जुनवानी में शुरू करने की वाले हैं। समीर रंजन ने बताया कि भारतीय एआई लैब्स और करियर सेंटर की मुख्य पहल ग्रामीण क्षेत्र में एआई साक्षरता और वैश्विक करियर के अवसरों को जमीनी स्तर पर लाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। जिसकी शुरुआत छत्तीसगढ़ के गांवों और छोटे शहरों से होगी। हर छात्र यहां तक कि छत्तीसगढ़ के सबसे दूरदराज के इलाके से आने वाले छात्र भी बड़े सपने देख सके, निडर होकर निर्माण कर सके और वैश्विक स्तर पर सफल हो सकें।

## आयोजन की तैयारी

# सामाजिक समरसता और सम्मान समारोह 28 को, बैठक में निर्णय



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन की बैठक प्रदेश उपाध्यक्ष संत कुमार केसकर के सेक्टर-10 स्थित निवास में हुई। बैठक 28 अप्रैल को कला मंदिर सिविक सेंटर में आयोजित होने वाले सामाजिक समरसता एवं सम्मान समारोह की तैयारियों को लेकर की गई।

बैठक में डॉ. कृष्ण कुमार पाटिल (अंतराष्ट्रीय नोबेल प्रतिभा पुरस्कार प्राप्त, संगीत विभूति सम्मान, छत्तीसगढ़ रत्न सम्मान से विभूषित) को प्रदेश अध्यक्ष सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रकोष्ठ नियुक्त किया गया। उन्हें पत्र देकर सम्मानित किया गया।

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष मेघनाथ यादव, प्रदेश संयोजक ब्रम्हदेव पटेल, उपाध्यक्ष संत कुमार केसकर, घनश्याम देवांगन, अनुरूप साहू, दुर्ग संभागाध्यक्ष (अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ ) एवं जिलाध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ भानु प्रताप यादव, जीवन सिन्हा कोषाध्यक्ष, डॉ. डीपी देशमुख प्रमुख रूप से मौजूद थे।

### स्मृतिनगर में स्वास्थ्य शिविर कल, चिकित्सक देंगे परामर्श

**भिलाई।** कालीबाड़ी कल्याण समिति के तत्वावधान में 20 अप्रैल को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित है। आरोग्य निकेतन धर्मार्थ चिकित्सालय में सुबह 11 बजे से शिविर शुरू होगा। इसमें किडनी और समान्य बीमारियों से जुड़े मरीजों का इलाज किया जाएगा। स्वास्थ्य शिविर पूरी तरह से निशुल्क है। वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉक्टर एसके सेठी शिविर में सेवाएं देंगे। समिति के अध्यक्ष अनिमेष पाठक ने बताया कि शिविर में आने वाले मरीजों का पहले पंजीयन होगा, इसके बाद उन्हें चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया जाएगा।

## आरएसआर रूंगटा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

# तुर्की, यूक्रेन के विशेषज्ञों ने एप्लाइड टेक्नोलॉली और डिजिटल नवाचार पर दी दुनियाभर में हो रहे प्रयोगों की जानकारी

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस (एसआरजीआई) के तत्वावधान में आरएसआर रूंगटा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (आरएसआर आरसीईटी) ने दो दिवसीय शैक्षणिक कार्यक्रम की मेजबानी की। स्थाई विकास के लिए अगली पीढ़ी के तकनीकी एकीकरण विषय पर केंद्रित इस कार्यक्रम ने अनुसंधान, नवाचार और वैश्विक शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। एसआरजीआई के निदेशक डॉ. साकेत रूंगटा इस आयोजन में प्रमुख सहायक रहे, जिनकी रणनीतिक दूरदर्शिता और गतिशील नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के पहले दिन ट्रेडप्रेन्योर एक वैश्विक शोध संगठन के साथ अकादमिक सहयोग में आयोजित एक उच्च-प्रभावी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन था। सम्मेलन ने विद्वानों, शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और उद्योग विशेषज्ञों के लिए अग्रणी शोध प्रस्तुत करने और सतत विकास के लिए प्रौद्योगिकी के एकीकरण पर सार्थक संवादों में संलग्न होने के लिए एक गतिशील मंच के रूप में कार्य किया।



### मशीन लर्निंग से लेकर नवीकरणीय ऊर्जा समाधान पर मंथन

सम्मेलन में शोधकर्ताओं को विचारों का आदान-प्रदान करने, परिणामों को साझा करने और सीमाओं को पार करने वाले नेटवर्क बनाने के लिए एक समावेशी मंच प्रदान किया। कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग से लेकर नवीकरणीय ऊर्जा समाधान और स्मार्ट सिस्टम तक, प्रस्तुतियों ने हमारे तेजी से विकसित हो रहे तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र का सामना करने वाली समकालीन चुनौतियों और अवसरों को दर्शाया। सम्मेलन का एक मुख्य आकर्षण प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय विद्वानों के एक पैनल द्वारा दिए गए मुख्य सत्र थे। डॉ. असेना बोजटास सकारिया यूनिवर्सिटी ऑफ एप्लाइड साइंसेज तुर्की ने एप्लाइड टेक्नोलॉजी और इसके सामाजिक प्रभाव पर एक वैश्विक दृष्टिकोण प्रदान किया। डॉ. येलिना पोकरा कीव नेशनल इकोनॉमिक यूनिवर्सिटी यूक्रेन ने आर्थिक ढाँचों में डिजिटल नवाचार की परिवर्तनकारी शक्ति पर चर्चा की। डॉ. लक्ष्मीकांत यदु एनआईटी रायपुर ने संधारणीय इंजीनियरिंग प्रथाओं और उनके वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों पर महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि साझा की। डॉ. अमित कुमार अग्रवाल आईआईआईटी नया रायपुर ने एआई और पर्यावरण चेतना के प्रतिच्छेदन पर ध्यान केंद्रित किया। डॉ. आरएन पटेल निदेशक सीएसवीटीयू फोर्टे ने संस्थानों के भीतर नवाचार को बढ़ावा देने पर एक नीति और शैक्षणिक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। डॉ. रश्मि गुजराती निदेशक, आईक्यूएसी पीसीटीई लुधियाना ने संधारणीय शैक्षिक प्रथाओं को आगे बढ़ाने में गुणवत्ता ढांचे और मान्यता के महत्व पर प्रकाश डाला। 170 से अधिक शोध पत्र और 50 पोस्टर प्रस्तुतियां प्रदर्शित की गईं, जिनमें इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी, पर्यावरणीय स्थिरता, स्वचालन और डिजिटल नवाचार के विविध विषयों को शामिल किया गया।

### शिक्षाविदों और उद्योग जगत के विशेषज्ञों के बीच हुई परिचर्चा

शैक्षणिक कार्यक्रम के दूसरे दिन शिक्षाविदों और उद्योग जगत के विशेषज्ञों के बीच परिचर्चा हुई। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वचालन और डिजिटल व्यवधान का पता लगाने के लिए उन्हें एक साथ लाया गया। पैनल में डॉ. जवाहर सूरीसेट्टी निदेशक एसआरजीआई भिलाई ने शिक्षा और रोजगार में एआई और स्वचालन के नैतिक और सामाजिक निहितार्थों पर जोर दिया। डॉ. ललित कुमार साहू सहायक प्रोफेसर आईआईटी भिलाई ने एआई में वर्तमान शैक्षणिक अनुसंधान रुझानों और वे वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों में कैसे अनुवाद करते हैं, इस पर प्रकाश डाला। रवि सिन्हा संस्थापक रोबोनाइट और एआई रायपुर ने एआई और रोबोटिक्स में उद्यमशीलता के अवसरों पर चर्चा की। श्रीकांत पारख संस्थापक और सीईओ प्रुडेंट इन्वेस्टमेंट रायपुर ने डिजिटल परिवर्तन किस तरह निवेश रणनीतियों और वित्तीय निर्णय लेने को नया रूप ले रहा, इसके बारे में बताया। श्रीनू के क्षेत्रीय प्रमुख मध्य भारत नैसकॉम, नोएडा ने डिजिटल व्यवधान और स्वचालन के व्यापक औद्योगिक और आर्थिक प्रभावों पर विस्तार से बताया। डॉ. योगेश छाबड़ा प्रिंसिपल आरएसआर आरसीईटी ने अकादमिक दृष्टिकोण को उद्योग की अपेक्षाओं के साथ एकीकृत किया। एसआरजीआई के अध्यक्ष संजय रूंगटा, निदेशक डॉ. साकेत रूंगटा ने इस दो दिवसीय आयोजन में विशेष भूमिका निभाई।

## सिटी स्पोर्ट्स

### खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए छत्तीसगढ़ मलखंब टीम का हिस्सा बनने खिलाड़ियों ने दिया ट्रायल



रायपुर। खेल इंडिया यूथ गेम्स सीजन-7 बिहार में 4 से 15 मई तक आयोजित होने जा रहा है। जिसके लिए संचालक, खेल एवं यूवा कल्याण, विभाग रायपुर द्वारा चयन समिति गठित की गई थी। जिसके अध्यक्ष अंजुलस एक्का, सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण बिलासपुर तथा सदस्य में डा. राजकुमार शर्मा महासचिव छत्तीसगढ़ मलखंब संघ ,मनोज प्रसाद, कोच, बलवंत कुमार की ओर से सिलेक्शन ट्रायल कृष्णा पब्लिक स्कूल कोनी बिलासपुर में किया गया। जिसमें बालिका टीम में संताय पोटाई, मोनिका पोटाई, दुर्गेशव्री कुमेटी, अनिता गोटा, सरिता पोयम,शिक्षा दिनकर, डिम्पी सिंह और बालक वर्ग में -राकेश कुमार वरदा, मानू ध्रुव, मंगडू पोडियाम, राजेश कोर्राम,मोनू नेताम और आयुश सिंह सिदार शामिल किए गए हैं। छत्तीसगढ़ की मलखंब टीम का प्रशिक्षण शिविर छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार युथ गेम्स प्रारंभ होने के पूर्व आयोजित किया जाएगा। ट्रायल को सफल बनाने में छत्तीसगढ़ मलखंभ संघ के पदाधिकारी सुशांत शुक्ला विधायक बेलतरा, अनिल टाह संरक्षक, प्रेमचंद शुक्ला अध्यक्ष, डा राजकुमार शर्मा महासचिव, राजा सरकार, बिसन कसेर उपाध्यक्ष, विरेन्द्र तिवारी, अनिल सिंह, कोषाध्यक्ष, डॉ मिलिंद भानदेव,मनोज प्रसाद, पूनम प्रसाद, कोच, राजेन्द्र पटेल,किशोरकुमार वैष्णव, पुष्कर दिनकर, अखिलेश नारंग,पामगढ़, पुरेन्द्र कोसरिया, रायपुर, प्रशांत तिवारी, पंचराम वस्त्रकार, कृष्ण प्रसाद यादव अंशु भारती, डा. प्रमोद यादव आदि अपना योगदान दिया। यह जानकारी प्रेमचंद शुक्ला ने दी।

### शोभनाथ ने राष्ट्रीय मास्टर्स हैमर थ्रो में जीता गोल्ड



रायपुर। नई दिल्ली में 11 से 13 अप्रैल तक आयोजित चौथे राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स में बिलासपुर के शोभनाथ यादव ने हैमर थ्रो में गोल्ड तथा तवा फेंक में सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। पुलिस विभाग थाना सिविल लाइन बिलासपुर में सहायक उपनिरीक्षक के पद पर पदस्थ शोभनाथ के इस शानदार प्रदर्शन के आधार पर कोलंबो श्रीलंका में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिया हुआ है। ज्ञात हो कि शोभनाथ ने इसके पूर्व भी कई राष्ट्रीय स्पर्धाओं में भी इसके पूर्व पदक प्राप्त किया है। इनकी सफलता पर बिलासपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह, सभी खेल संघों सहित खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।

### राष्ट्रीय बीच ग्रेपलिंग प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ ने जीते पाँच पदक



रायपुर। द्वितीय राष्ट्रीय बीच ग्रेपलिंग प्रतियोगिता का आयोजन 12 से 14 अप्रैल को शिमला, हिमाचल प्रदेश में किया गया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ बीच ग्रेपलिंग का दल भी सम्मिलित हुआ। जिसमें सब-जूनियर वर्ग में सतेन्द्र श्याम ने 22 किलो वजन वर्ग में कांस्य पदक, सृष्टि श्याम ने 40 किलो वजन वर्ग में स्वर्ण पदक व पूर्वी सोनवाणी ने 42 किलो वजन वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया।

सीनियर वर्ग में संगीता केवट ने 53 किलो किलो वजन वर्ग में स्वर्ण पदक एवं गजेन्द्र ने रजत पदक जीते। इस प्रकार छत्तीसगढ़ बीच ग्रेपलिंग के खिलाड़ियों ने 2 स्वर्ण, 1 रजत एवं 2 कांस्य सहित कुल 5 पदक प्राप्त किये। खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए प्रदेश सचिव के. हेमंत कुमार, तकनीकी संचालक अन्तरा सारथी सहित टीम की कोच दीप्ति साहू भी टीम के साथ उपस्थित थी।

उल्लेखनीय है कि बीच रेसलिंग को बीच ग्रैपलिंग के नाम से भी जाना जाता है, एक गतिशील खेल है जो एक निर्दिष्ट घेरे के भीतर रेतीले क्षेत्र में खेला जाता है। इसमें दो पहलवान अपने प्रतिद्वंद्वी को ज़मीन पर गिराकर या उन्हें सीमा से बाहर धकेलकर अंक अर्जित करने के लिए ग्रैपलिंग तकनीक का इस्तेमाल करते हैं। इस खेल को यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) द्वारा मान्यता प्राप्त है।

प्रतियोगिता के साथ ही शिमला में ग्रेपलिंग-कुश्ती की वार्षिक आमसभा की बैठक भी आयोजित की गई। जिसमें सभी राज्यों के प्रतिनिधियों को अध्यक्ष, दिनेश कपूर, महासचिव, बिरजू शर्मा, कोषाध्यक्ष विनोद शर्मा ने संबोधित करते हुए पूरे सत्र के खेल कैलेंडर की घोषणा की।

## गर्मियों के मौसम में ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित रखना बड़ी चुनौती

# गर्मियों में कई बार बढ़ने लगता है ब्लड शुगर लेवल, छोटी सी लापरवाही पड़ जाएगी भारी

बढ़ती गर्मी के साथ डायबिटीज के मरीजों की दिक्कतें भी बढ़ने लगती हैं, आपको बार-बार हाई शुगर की समस्या हो सकती है इसलिए इस मौसम में सेहत को लेकर विशेष सावधानी बरतते रहने की सलाह दी जाती है। देशभर में गर्मी की शुरुआत हो चुकी है। अप्रैल के दूसरे हफ्ते में ही पूर्वी भारत के अधिकतर राज्यों में पारा 40 के पार होने लगा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, जिस तरह से गर्मी बढ़ती जा रही है और मौसम वैज्ञानिकों का जो पूर्वानुमान है, उसे ध्यान में रखते हुए सभी लोगों को अभी से अलर्ट हो जाने की जरूरत है। 40 से ऊपर जाता तापमान हमारे शरीर को कई प्रकार से प्रभावित करने वाला हो सकता है। बढ़ती गर्मी के साथ शरीर में पानी की कमी (डिहाइड्रेशन) और इसके कारण होने वाली समस्याएं तो बढ़ ही जाती है, साथ ही इस तरह का मौसम पहले से ही ब्लड प्रेशर-शुगर के मरीजों के लिए और भी दिक्कतें बढ़ाने वाला हो सकता है। डॉक्टर्स कहते हैं, बढ़ती गर्मी के साथ डायबिटीज के मरीजों की दिक्कतें भी बढ़ने लगती हैं, आपको बार-बार हाई शुगर की समस्या हो सकती है इसलिए इस मौसम में सेहत को लेकर विशेष सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता है। अब सवाल ये है कि गर्मियों में ब्लड शुगर क्यों बढ़ने लगता है और इसे कंट्रोल में रखने के लिए क्या उपाय करने जरूरी हैं?



### डिहाइड्रेशन और हाई शुगर का खतरा

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, बढ़ती गर्मी का हमारी सेहत पर कई प्रकार से नकारात्मक असर होता है, यही वजह है कि पहले से ही क्रॉनिक बीमारियों जैसे डायबिटीज-ब्लड प्रेशर के शिकार लोगों को इस मौसम में अलर्ट रहना चाहिए। गर्मी के कारण निर्जलीकरण (डिहाइड्रेशन) का जोखिम बढ़ जाता है जो ब्लड शुगर के स्तर में उतार-चढ़ाव का कारण बन सकती है। बढ़ता तापमान इंसुलिन के अवशोषण और इसकी क्रियाशीलता को भी प्रभावित कर देती है। डॉक्टर बताते हैं कि उच्च रक्त शर्करा के कारण बार-बार पेशाब आता है जिससे निर्जलीकरण होने का जोखिम अधिक हो सकता है। गर्मी के दिनों में शुगर के मरीजों की समस्या बढ़ने के लिए इसे प्रमुख कारण माना जाता है।



### डायबिटीज की बढ़ जाती है दिक्कतें

अमेरिकन डायबिटीज एसोसिएशन (एडीए) की रिपोर्ट के मुताबिक ब्लड शुगर लो या हाई होना दोनों ही स्थितियों में आपको पसीना अधिक आता है। जिन लोगों का ब्लड शुगर लगातार उच्च बना रहता है, उनके लिए पसीना अधिक आना तंत्रिका क्षति से संबंधित समस्याओं को भी बढ़ाने वाला हो सकता है।

मधुमेह से पीड़ित लगभग आधे लोगों को किसी न किसी रूप में तंत्रिका क्षति का अनुभव होता है। ये आंखों, हृदय से लेकर डायबिटिक फुट जैसी समस्याओं को भी बढ़ाने वाली स्थिति हो सकती है। यही कारण है कि डायबिटीज वाले सभी रोगियों को गर्मी के दिनों में सेहत को लेकर विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है।

### गर्मियों में शुगर बढ़ने के ये भी हो सकते हैं कारण

गर्मियों में लोग अक्सर बाहर कम निकलते हैं, जिससे व्यायाम या फिजिकल एक्टिविटी कम हो जाती है। शारीरिक गतिविधि में कमी ब्लड शुगर कंट्रोल में अहम भूमिका निभाती है। गर्मी के कारण तनाव का स्तर बढ़ जाता है, जो शरीर में कोर्टिसोल को बढ़ाने लगती है। हाई कोर्टिसोल के कारण भी ब्लड शुगर बढ़ने



का जोखिम रहता है। गर्मियों में लोग अक्सर शुगर वाले कोल्ड ड्रिंक्स, पैकेज्ड जूस और आइसक्रीम का सेवन ज्यादा करते हैं जो ब्लड शुगर को तेजी से बढ़ा सकते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, गर्मियों में शुगर को कंट्रोल रखने के लिए कुछ उपाय मददगार हो सकते हैं। रोजाना कम से कम 2-3 लीटर पानी पिएं ताकि डिहाइड्रेशन से बचा जा सके। सुबह या शाम को जब तापमान कम हो, उस समय वॉक या योग करें।



## हमारी 40 फीसदी बीमारियों के लिए ये दो आदतें जिम्मेदार, तुरंत करें सुधार

लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी को कई प्रकार की बीमारियों का कारक माना जाता है। पिछले कुछ दशकों में इसके कारण जिन अंगों की समस्या बढ़ते हुए देखा गया है, लिवर-किडनी और फेफड़े उनमें प्रमुख हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लगभग हर उम्र के व्यक्ति में इससे संबधित विकारों के मामले बढ़ते देखे जा रहे हैं। इन अंगों की बीमारियां गंभीर स्थिति में जानलेवा दुष्प्रभावों वाली भी हो सकती हैं, इसलिए अपनी दिनचर्या को ठीक रखना सभी लोगों के लिए बहुत आवश्यक हो जाता है।

वैश्विक स्तर पर होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रायोजन के तहत हर साल 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, दिनचर्या की कुछ गड़बड़ आदतें शरीर के अंगों के लिए नुकसानदायक हो सकती हैं। आइए जानते हैं कि लिवर-किडनी और फेफड़ों के लिए किन आदतों को हानिकारक माना जाता है जिससे सभी लोगों को दूरी बनाकर रखने की सलाह दी जाती है।

### लिवर-किडनी और फेफड़ों की बीमारियों का खतरा

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लिवर-किडनी और फेफड़ों की बीमारियों के कारण हर साल लाखों लोगों की मौत हो



जाती है। इन अंगों की करीब 40 फीसदी बीमारियों के लिए जिन दो आदतों को सबसे खतरनाक पाया गया है वह है- शराब और धूम्रपान। डॉक्टर कहते हैं, ये दोनों आदतें कई प्रकार की क्रोनिक बीमारियों का कारण बन सकती हैं। इसके कारण किडनी फेलियर से लेकर लिवर और फेफड़ों के कैंसर तक का जोखिम हो सकता है। अगर इनमें सुधार कर लिया जाए तो कई प्रकार की गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से खुद को सुरक्षित किया जा सकता है।

### धूम्रपान से किडनी-फेफड़ों की बीमारी

धूम्रपान हमारी सेहत को कई प्रकार से क्षति पहुंचाती है। इससे सबसे ज्यादा नुकसान लंग्स और किडनी को रहता है। धूम्रपान से निकलने वाले धुंआ में कई प्रकार के हानिकारक रसायनों का मिश्रण होता है जिससे फेफड़ों की मांसपेशियों को गंभीर क्षति होने, यहां तक कि फेफड़ों में कैंसर विकसित होने तक का जोखिम बढ़ जाता है। धूम्रपान की आदत फेफड़ों के साथ किडनी को भी नुकसान पहुंचाती देखी गई है। अध्ययनों में पाया गया है कि धूम्रपान के कारण रक्त वाहिकाओं को नुकसान हो सकता है, जिससे किडनी में रक्त का प्रवाह बाधित हो जाता है और किडनी की बीमारियों का खतरा हो सकता है।

### शराब से लिवर कैंसर का खतरा

अध्ययनकर्ता बताते हैं, धूम्रपान की ही तरह से शराब का सेवन भी संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए हानिकारक माना जाता है। इससे लिवर की बीमारियों और गंभीर स्थिति में कैंसर बढ़ने का खतरा भी देखा जाता रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ



## ऑफिस डेस्क पर लक्ष्मी चरण रखना शुभ या अशुभ? जानें इसके नियम



वास्तु शास्त्र के अनुसार, ऑफिस डेस्क पर कुछ खास चीजें रखने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और आपके काम में सफलता मिलती है।

### क्या ऑफिस डेस्क पर लक्ष्मी चरण रख सकते हैं?

लक्ष्मी चरण, जिन्हें लक्ष्मी पादुका भी कहा जाता है, देवी लक्ष्मी के पैरों के निशान हैं। इन्हें धन, समृद्धि और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। लक्ष्मी चरण सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक हैं। इन्हें डेस्क पर रखने से ऑफिस में सकारात्मक माहौल बनता है और नकारात्मकता दूर होती है। लक्ष्मी चरण को धन और समृद्धि की देवी लक्ष्मी का प्रतीक माना जाता है। इन्हें डेस्क पर रखने से व्यापार और काम में वृद्धि होती है और सफलता मिलती है। लक्ष्मी चरण को शांति और स्थिरता का प्रतीक भी माना जाता है। इन्हें डेस्क पर रखने से मन शांत रहता है और काम में एकाग्रता बढ़ती है। आपको बता दें, ऑफिस डेस्क पर लक्ष्मी जी के चरण हमेशा उत्तर-पूर्व दिशा में होने चाहिए। यह दिशा धन और समृद्धि के लिए शुभ मानी जाती है। इसलिए आप अपने ऑफिस डेस्क पर लक्ष्मी चरण रख सकते हैं।

वास्तु शास्त्र के अनुसार, लक्ष्मी चरण को सही दिशा में और सही तरीके से रखने से घर और ऑफिस में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ता है। लक्ष्मी चरण को हमेशा अपने बैठने की दिशा में रखें। इसका मतलब है कि जब आप कुर्सी पर बैठे हों तो आपके सामने की ओर लक्ष्मी चरण होने चाहिए। लक्ष्मी चरण को डेस्क के ऊपरी बाएं कोने में रखें। यह स्थान धन और समृद्धि का प्रतीक है। इससे व्यक्ति के जीवन में आने वाली सभी बाधाएं दूर हो सकती है।

## कटिंग बोर्ड से नहीं जा रही बदबू, इस फल और सब्जी के छिलके से मिनटों में करें दूर

किचन में अधिकतर लोग कटिंग बोर्ड पर रखकर ही



सब्जियां और फलों को काटते हैं। ऐसे में इस्तेमाल करते हुए इसमें से अजीब सी स्मेल आने लगती है, जो कि धोने पर नहीं जाती है। आज हम आपको आप इस दुर्गंध को दूर करने की कुछ ट्रिक्स बताने जा रहे हैं। जिसको आप ट्राई कर सकती हैं।

### सेब के छिलकों से दूर करें चॉपिंग बोर्ड की स्मेल

इसके लिए आपको सेब के छिलकों को निकाल लेना है।अब इनको मिक्सी जार में हल्का पानी डालकर पीस लें।इस पल्प में अब नींबू मिलाकर पूरे चॉपिंग बोर्ड पर फैला दें।कुछ देर बाद इसे हटाकर डिश वाश से धो लें कटिंग बोर्ड की बदबू एकदम गायब हो जाएगी।

### आलू के छिलकों से ऐसे दूर करें चॉपिंग बोर्ड की स्मेल

आपको आलू के छिलकों को निकालकर अलग कर लेना है।अब पानी डालकर मिक्सी जार में पीस लें।इस मिश्रण में बेकिंग सोडा और नमक डालकर मिला लें।अब नींबू का छिलका लेकर उसकी मदद से चॉपिंग बोर्ड पर इस पल्प को रगड़ें। इसके बाद अब से अपनी और डिश वाश से धो लें। स्मेल गायब हो जाएगी।

कार्नर न्यूज

## शादी करने से पहले हर भारतीय पुरुष को करनी चाहिए जरूरी तैयारी

# नए जीवन में प्रवेश कर रहे हैं तो भारतीय पुरुष ध्यान में रखें कुछ जरूरी बातें, बढ़ जाएगी जीवन में खुशहाली

हमारे समाज में शादियां एक सामाजिक संस्कार है। भारतीय कानून 21 साल से ज्यादा उम्र किसी भी पुरुष को शादी करने के लिए सक्षम मानता है, लेकिन सच कहा जाए तो, आप तब तक पति बनने के लायक नहीं हैं जब तक आप पूरी तरह से यह नहीं समझ लेते कि आखिर शादी होती क्या है? आपको कुछ जरूरी बातें जरूर समझनी चाहिए, जिससे आपको शादी के बंधन में बंधने का फैसला लेने से पहले जान लेनी चाहिए।

### दहेज के खिलाफ

भले ही लड़की का परिवार सहज लगे और अपनी बेटी की खातिर दहेज को 'उपहार' के रूप में देने को तैयार हो, बावजूद इसके आपको इसके खिलाफ खड़ा होना चाहिए। अब समय आ गया है कि हम उन धार्मिक और क्षेत्रीय रीति-रिवाजों से भी छुटकारा पाएं जो किसी भी तरह से दहेज प्रथा को बढ़ावा देते हैं। अगर आप अपने माता-पिता को दहेज लेने से नहीं रोकते हैं तो आप भी इस अपराध में पूरी तरह से भागीदार हैं।

### महिलाओं को लेकर सोच बदलें

हमारे समाज में महिलाओं को उनकी निष्पक्षता, ऊंचाई, वजन और उनकी



संपत्ति के आकार के आधार पर लगातार आंका और 'मूल्यांकन' किया जाता है। इससे पहले कि आप शादी करने का निर्णय लें, सुनिश्चित करें कि आप ऐसी सोच से कोसो दूर हों। एक महिला अपने शरीर से कहीं अधिक होती है और किसी पुरुष के लिए अपने से लंबी और कामयाब महिला से शादी करना कोई शर्मनाक बात नहीं है।

### खर्च को लेकर सोच रखें साफ

भारतीय संस्कृति में यह बात इतनी गहराई से रच-बस गई है कि लड़की के माता-पिता ही शादी का सारा खर्च उठाएंगे; हममें से ज्यादातर लोगों को इस बात का एहसास तक नहीं है कि पहले से ही उन पर कितना दबाव होगा। सिर्फ इसलिए कि आप उनकी लड़की से शादी कर रहे हैं इसका मतलब यह नहीं है आपके दिखावे के लिए अपनी औकात से बढ़कर खर्चा कर दें। यदि आप चाहते हैं कि शादी बड़े स्तर पर हो तो आपको भी लड़की के माता-पिता के साथ आधा-आधा खर्च करना होगा, नहीं तो एक नॉर्मल से फंक्शन के लिए राजी हो जाएं।

### नाम में क्या रखा है..?



किसी पुरुष के लिए अपनी पत्नी से शादी के बाद अपना सरनेम बदलने की इच्छा करना भी गलत है। वह अपने सरनेम के साथ भी आपके परिवार का हिस्सा बनकर रह सकती है। अपना नाम बदलवाने की उसकी इच्छा इस बात का पैमाना नहीं है कि वह कितनी समर्पित पत्नी है और कितनी 'सुसंस्कृत' महिला है, इसलिए उसका सरनेम बदलने का विचार आपके लिए बिल्कुल भी चिंता का विषय नहीं होना चाहिए।

### लैंगिक समानता पर हो जोर

अब समय आ गया है कि हम विवाह में लैंगिक भूमिकाओं को छोड़ दें। इसे कार्यान्वित करने के लिए आपको समान प्रयास करना होगा। घर के कामों में उसकी उसी तरह मदद करें जैसे वह पैसों के मामले में आपकी करती है। घर की देखभाल करना आपकी भी उतनी ही जिम्मेदारी होगी जितनी उसकी। बर्तन साफ करना या किराने का सामान लाना या घर की सफाई करना आपको किसी भी तरह से कम आदमी नहीं बना देगा। यह आपको एक बेहतर पति ही बनाएगा।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## लेबनान में डिज्नी की 'स्नो व्हाइट' पर प्रतिबंध, वजह जानकर रह जाएंगे हैरान



लेबनान ने डिज्नी की आगामी लाइव-एक्शन फिल्म 'स्नो व्हाइट' को सिनेमाघरों में प्रदर्शित करने पर रोक लगा दी है। इस फैसले की वजह फिल्म में इस्राइल अभिनेत्री गैल गैडोट की कास्टिंग है। फिल्म में उन्होंने दुष्ट रानी (ईंविल क्वीन) का किरदार निभाया है। यह निर्णय लेबनान के गृह मंत्री अहमद अल-हज्जर ने लिया है।

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार लेबनान की फिल्म और मीडिया निगरानी संस्था की सिफारिश के बाद यह कदम उठाया गया। गैल गैडोट लंबे समय से लेबनान की 'इजरायल बॉयकॉट लिस्ट' में शामिल हैं। बेरूत स्थित डिज्नी फिल्मों के वितरक इटालिया फिल्म्स के एक प्रतिनिधि ने इस बारे में 'वैराइटी' से बात करते हुए कहा, ₹गैल गैडोट अभिनीत कोई भी फिल्म लेबनान में कभी रिलीज नहीं हुई है। इस बार भी उसी नीति का पालन किया गया है।₹

यह फैसला ऐसे समय में आया है, जब इस्राइल सैन्य कार्रवाई करते हुए लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों को निशाना बना रही हैं। इन हमलों में कई नागरिकों की जान भी गई है, जिसने दोनों देशों के बीच तनाव को और बढ़ा दिया है।

'स्नो व्हाइट' डिज्नी की क्लासिक एनिमेटेड फिल्म का लाइव-एक्शन रीमेक है, जिसे दुनियाभर में रिलीज के लिए तैयार किया जा रहा है। गैल गैडोट को 'वंडर वुमन' जैसी फिल्मों के लिए जानी जाता है। इस फिल्म में वह नकारात्मक भूमिका में हैं। फिलहाल, गैल गैडोट के प्रतिनिधियों ने इस मामले पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है।

### टॉलीवुड

## राम चरण-जान्हवी की 'पेड्डी' की शूटिंग पर आया नया अपडेट



पैन इंडिया स्टार राम चरण अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'पेड्डी' को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म पेड्डी की शूटिंग को लेकर नया अपडेट सामने आया है कि फिल्म की शूटिंग मौला अली स्टेशन पर अब पूरी हो चुकी है। खास बात यह है कि इस जगह पर जगपति बाबू और सत्या के सीन सूट किए गए हैं। इस शूटिंग शैड्यूल के पूरा होने के बाद अब प्रशंसक इसके अगले शैड्यूल के बारे में जानने के इच्छुक हैं।

पेड्डी का निर्देशन बुची बाबू सना कर रहे हैं। इस फिल्म में राम चरण के साथ पहली बार जान्हवी कपूर नजर आएंगी। हालांकि, जान्हवी फिल्म 'देवरा पार्ट 1' से अपना साउथ डेब्यू कर चुकी हैं। लेकिन राम के प्रशंसक इस फिल्म में उनकी और जान्हवी की रोमांटिक जोड़ी को देखने के लिए उत्सुक हैं। राम चरण और जान्हवी कपूर के अलावा फिल्म में शिवा राजकुमार, दिव्येंदु शर्मा जैसे कई कलाकार महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगे। राम और जान्हवी की फिल्म पेड्डी के निर्माण की जिम्मेदारी वृद्धि सिनेमा पर है। वहीं फिल्म को मैथ्री मूवी मेकर्स और सुकुमार राइटिंग्स द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। फिल्म का मधुर संगीत एआर रहमान ने तैयार किया है।

### भोजपुरी

## वायरल क्लिप की बात कर रो पड़ीं त्रिशा, आत्महत्या का प्रयास किया



हाल ही में भोजपुरी अभिनेत्री त्रिशाकर मधु ने अपने चमकते करियर में अचानक ब्रेक लग जाने के बारे में बात की। उन्होंने अपने वायरल हुए एमएमएस का खोला राज। उनके करीबी का था इसमें हाथ और इंडस्ट्री के बड़े ग्रुप के शामिल होने की बात भी कही। भोजपुरी की दुनिया में एक समय त्रिशाकर मधु का नाम सिर चढ़ कर बोला करता था, लेकिन एक वीडियो ने उनके जीवन को तबाह कर दिया था। अब इस वीडियो के बारे में अभिनेत्री ने खुलासे किए हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि उनके इस करीबी ने की घिनौनी हरकत। भोजपुरी अभिनेत्री हाल ही में निधि झा के पॉडकास्ट में पहुंचीं, जहां उन्होंने अपने जीवन के संघर्षों के बारे में बात की। इस दौरान उनसे उनके उस वायरल वीडियो के बारे में पूछा गया, जिसने उनकी जिंदगी तबाह कर दी। इसके जवाब में अभिनेत्री ने बताया कि यह उस समय की घटना है, जब उन्होंने खेसारी लाल यादव के साथ 'बोल बम' गाना किया था। अभिनेत्री ने बताया कि इस गाने के लगभग एक महीने बाद उनके फोन में उनकी एक अश्लील तस्वीर आई और धमकी मिली, लेकिन वह डरी नहीं। इसके बाद उन्हें लगातार कई धमकियां मिलीं और उनके कई छोटे-छोटे अश्लील क्लिप वायरल होने लगे। अपने इस वायरल वीडियो पर बात करते हुए त्रिशा ने कहा कि इस वीडियो को वायरल कराने में उनके ही रूम में रहने वाली लड़की का हाथ था। हालांकि, उन्होंने लड़की का नाम नहीं लिया, लेकिन कहा कि लड़की ही लड़की की दुश्मन होती है। इसके अलावा त्रिशा ने बताया कि इसमें किसी बड़े ग्रुप का भी हाथ था। अभिनेत्री ने सवाल किया कि क्या वह इसके लिए खेसारी और पवन सिंह को जिम्मेदार ठहरा रही हैं। इस पर उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं लगता है इनका हाथ है, लेकिन कोई बड़ा ग्रुप जरूर शामिल है। इसीलिए वह अभी तक इस मामले का केस लड़ रही हैं। त्रिशाकर मधु ने बातचीत में कहा कि उन्होंने इस भोजपुरी इंडस्ट्री के लिए इतना कुछ किया।

### लाइफ स्टाइल

## क्यूबा पर असर अफ्रीका का



रफल्ड स्कर्ट, अतिरंजित आस्तीन और चमकीले रंग, कढ़ाई वाली शर्ट और ब्लाउज जैसी पहचानी जाने वाली लैटिन शैलियों ने क्यूबा के फैशन में अपनी जगह बनाई है, लेकिन जैसे-जैसे क्यूबा के लोगों ने अपनी स्वतंत्र भावना का प्रयोग करने के लिए संघर्ष किया, अफ्रीकी सिर की चादर या बंदना जैसे एफ्रो-क्यूबा प्रभाव सतह पर आने लगे। आज क्यूबा में एक औसत अलमारी में कैजुअल स्लैक्स या जींस, शॉर्ट्र्स, स्कर्ट (महिलाओं के लिए) और टी-शर्ट या ढीले-ढाले टॉप शामिल होने की संभावना है।

## रूखे-बेजान बालों में जान डालने का काम करेंगे ये हेयर मास्क

हर महिला चाहती हैं कि उसके बाल हेल्दी रहे और इसके लिए उनकी अच्छी तरह से केयर करती हैं। लेकिन, कई सारे महंगे प्रोडक्ट्स साथ ही, हेयर केयर केयर रूटीन फॉलो करने के बाद भी बाल रूखे-बेजान नजर आते हैं। इस वजह से आपकी सुंदरता भी कम हो जाती है। वहीं बाल सिल्की और सुंदर नजर आए इसके लिए हम आपको कुछ हेयर मास्क के बारे में बता रहे हैं जो आपके रूखे-बेजान बालों में जान डालने का काम करेंगे साथ ही, ये हेल्दी, चमकदार भी होंगे।

### दही का करें इस्तेमाल

एक कटोरी में दही अच्छी तरह से फेंट लें। इसके बाद इसमें शहद मिक्स करें। इन दोनों चीजों को अच्छी तरह से मिक्स करें। इसके बाद इस पेस्ट को बालों पर अप्लाई करें। 30 मिनट के बाद बालों को धो लें। इस उपाय को हफ्ते में दो दिन करें

### केले का बनाएहेयर मास्क

केले को एक कटोरी में मैश करें। इसके बाद इसमें नारियल तेल मिक्स करें। इसे बालों पर अप्लाई करें। 20 मिनट के बाद बालों को धो लें। इस हेयर मास्क को हफ्ते में 2 दिन इस्तेमाल करें।

### एलोवेरा का करें इस्तेमाल

एलोवेरा में कई सारे गुण होते हैं और ये सभी गुण रूखे-बेजान



बालों की समस्या को कम करने साथ ही, स्कैल्प को हेल्दी रखने का काम करते हैं। एक चम्मच एलोवेरा जेल और एक चम्मच अरंडी तेल को सही मात्रा में मिलाएं। इसके बाद इसके स्कैल्प पर अप्लाई करें। 20 मिनट के बाद बालों को धो लें। इस उपाय को हफ्ते में 2 दिन करें।

## चिकनकारी कुर्ती में निखर उठेगा आपका लुक, लोग करेंगे तारीफ





जब भी गर्मी का मौसम आता है, तो लड़कियों को अपने कपड़ों की चिंता सबसे पहले सताती है। वो इस मौसम में ऐसे कपड़े पहनना चाहती हैं, जो पहनने में आरामदायक तो हों, लेकिन इससे उनके स्टाइल पर किसी तरह का प्रभाव न पड़े। ऐसे में वो इस तरह के ही कपड़ों का चयन करती हैं, तो कंफर्टेबल होने के साथ खूबसूरत भी दिखें। ऐसे कपड़ों में चिकनकारी कुर्ती को सबसे खास माना जाता है।

चिकनकारी कुर्ती देखने में काफी क्लासी लगती है, और ये पहनने में काफी आरामदायक होती है। ऐसे में हर उम्र की महिला और लड़कियां चिकनकारी कुर्ती पहनना पसंद करती हैं। अगर आपको भी चिकनकारी कुर्ती पहनना पसंद है, लेकिन आपको समझ नहीं आता, कि इसे कैसे स्टाइल करें, तो ये लेख आपके लिए है। इस लेख में हम आपको चिकनकारी कुर्ती को सही से स्टाइल करने का तरीका बताएंगे, ताकि गर्मी के मौसम में भी आपका लुक सबसे खूबसूरत दिखे।

### प्लाजो के संग पहनें

वैसे तो ज्यादातर लड़कियां चिकनकारी कुर्ता जींस के साथ ही कैरी करती हैं, लेकिन अगर आप ऐसा कुर्ता पहन रहीं हैं, तो उसके साथ प्लाजो पहनें। शिफॉन फैब्रिक का प्लाजो आपके लुक को खूबसूरत बनाएगा।

### हील्स लगेगी खूबसूरत

आप चाहें तो अपने लुक को पूरा करने के लिए हील्स कैरी कर सकती हैं। चिकनकारी कुर्ते के साथ हील्स काफी स्टाइलिश लुक देगी। अगर आपको हील्स नहीं पसंद तो कोल्हापुरी चप्पल भी इसके साथ कमाल की लगेगी।

### कानों में झुमके

एथनिक के साथ हमेशा झुमके प्यारे ही लगते हैं, लेकिन अगर बात करें चिकनकारी कुर्ते की, तो उसके साथ आप इस तरह के ईयररिंग्स भी कैरी कर सकती हैं। ऐसे ईयररिंग्स देखने में भी काफी खूबसूरत लगते हैं। अगर आपके बाल लंबे हैं, तो ये आप पर काफी जचेंगे।

## शादी के फंक्शन में पहनने के लिए परफेक्ट हैं ये आउटफिटस



शादी किसी भी की हो इस खास मौके पर आप हर महिलाएं खास नजर आना चाहती हैं। कई बार ऐसा होता है जब महिलाएं एक परफेक्ट आउटफिट का चुनाव कर पाती हैं। वहीं अगर आप भी शादी में किस तरह का आउटफिट पहने इस बात को लेकर कन्फ्यूज्ड हैं तो यहां शादी में पहनने के लिए एक परफेक्ट आउटफिट का चुनाव कर सकती हैं।

**साड़ी**_ अगर आप शादी में साड़ी पहनना चाहती हैं तो आप एक्ट्रेस श्वेता तिवारी के लुक से आइडिया लके सकती हैं। एक्ट्रेस ने ग्रीन कलर की साडी वियर की हैं और इस साड़ी में गोल्डन वर्क किया गया है। इस साडी के साथ अच्त्रेस्सने छूकर ज्वेल्लेरी पहनी है साथ ही बालों को एक साइड खुला करके स्टाइल किया है। वहीं आप भी इस तरह की साड़ी में वियर कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी आपको कई सरे डिजाइन में ऑनलाइन मिल जाएँगी साथ ही आप इन्हें ऑफलाइन भी खरीद सकती हैं। वी इस तरह की साड़ी आपको 1000 से 1500 रूपये में मिल जाएँगी।

**लाजो पैंट**_ वहीं शादी के हल्दी फंक्शन के लिए आप इस तरह का येलो प्लाजो पैंट वियर कर सकती हैं और इस आउटफिट को किस तरह से स्टाइल करना हैं इसके लिए आप एक्ट्रेस हिना खान के लुक से आइडिया ले सकती हैं। एक्ट्रेस ने बालों को खुला करके स्टाइल किया सतह ही एक्ट्रेस ने फुटवियर में हील्स पहने हैं। वहीं सी तरह की ड्रेस आपको बाजार में सस्ते दाम में मिल जाएंगी साथ ही ऑनलाइन भी इस तरह की ड्रेस को 1000 तक की कीमत में खरीद सकती हैं। वहीं किसी दरजी के पास से भी आप इस तरह की ड्रेस सिल्वा सकती हैं।

## कर्ली हेयर को स्ट्रांग और शाइनिंग बनाने के लिए फॉलो करें ये टिप्स

मौसम कोई भी घुंघराले बालों को काफी केयर की जरूरत होती है। घुंघराले बालों की केयर नहीं करने पर वो ड्राई हो जाते हैं और वजह से बालों के झड़ने की समस्या शुरू हो जाती हैं। जहां हर महिला चाहती हैं कि उसके घुंघराले बाल स्ट्रांग हो साथ ही वो खूबसूरत नजर आए तो ऐसे में जरूरी है बालों की सही तरीके से केयर करें। इस आर्टिकल में हम आपको कर्ली बालों की कैसे केयर करें ऐसी कई सारी टिप्स देने जा रहे हैं और इन टिप्स को फॉलो करने से आपके कर्ली बाल स्ट्रांग होंगे तो वहीं शाइन भी करेंगे।

### ऑइलिंग और साफ-सफाई है जरूरी

कर्ली हेयर की केयर करने के लिए इनकी सफाई करना बहुत ही जरूरी है और इसके लिए जरूरी है बालों को धोना। बालो को धोने से पहले इनपर अच्छी तरह से तेल लगा लें और इसके लिए आप नेचुरल ऑयल का इस्तेमाल कर सकती हैं।

### कंडीशनर और शैम्पू का करें इस्तेमाल

बालो को हफ्ते में 2 से 3 साफ करें और इसके लिए सही शैम्पू का चुनाव करें। वहीं शैम्पू का इस्तेमाल के बाद बालों पर कंडीशनर भी लगाए। वबाल धोने के दौरान बालों को रगड़ें नहीं बल्कि हल्की हाथों से मालिश करते हुए बालो को धोएं।



### पानी के तापमान का रखें ध्यान

बालों को धोने के दौरान इस बात का ध्यान रखें कि बालों को न ज्यादा गर्म पानी से धोएं न ही ठंडे पानी से धोएं। बालों को धोने के लिए आप गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें ताकि बाल ड्राई न हो। वहीं अगर आप इस बात का ध्यान रखते हैं तो बाल स्ट्रांग और शाइनी होंगे

### कार्नर न्यूज

### नई दुल्हन के लिए जरूरी है लेटेस्ट फैशन के साथ लुक को भी निखारें

## शादी के बाद अपने स्टाइल से जीतें ससुराल वालों का दिल, कपड़ों से मेकअप तक का रखें ध्यान

शादी के बाद आप अपनी खूबसूरती को पहनावे, मेकअप और ज्वेलरी से और भी आकर्षक बना सकती हैं। जमाना फैशन का है, लेकिन शादी के बाद क्या आप अपने स्टाइल पर ध्यान देती हैं? शादी के दिन लड़कियां बहुत सुंदर दिखती हैं। वे महीनों से इस खास दिन के लिए तैयारी करती हैं, तब जाकर कहीं दुल्हन वाला निखार आता है लेकिन सिर्फ शादी के दिन सुंदर दिखने से काम नहीं चलेगा।

जरूरी है शादी के बाद भी स्टाइलिश और आकर्षक दिखना, क्योंकि आप ही उस समय परिवार और आस-पड़ोस में आकर्षण का केंद्र होती हैं। ऐसे में आप किस तरह अपने लुक को खास बना सकती हैं और कैसे सबसे खास तथा खूबसूरत दिखें, इसके तरीके जान लें।

### कपड़ों का कलेक्शन

साड़ी एक ऐसा परिधान है, जिससे आप बेहतरीन पारंपरिक लुक पा सकती हैं। शादी के बाद कई ऐसी रस्में होती हैं, जिनमें आपको साड़ी पहननी होती है। ऐसे में दुल्हन




पर गहरे रंग के साथ बनारसी साड़ी, सिल्क साड़ी और कांजीवरम साड़ी अधिक जंचती है और रॉयल लुक देती है। वहीं चिकनकरी साड़ी वजन में हल्की होती है।

आजकल नेट भी फिर से ट्रेंड में है तो आप हल्के वर्क के साथ नेट की साड़ी भी पहन सकती हैं, लेकिन ध्यान रहे कि इस तरह की साड़ी पहनते समय आप इसे सही से पिनअप करें, ताकि उसे आसानी से संभाल पाएं। आप फैमिली फंक्शन के लिए डिजाइनर लाचा एवं लहंगा भी कैरी कर सकती हैं। वहीं, आप सूट में फ्लोरल सूट, अनारकली सूट, हैंड ब्लॉक प्रिंटेड सूट, नेक वर्क वाले सूट और स्ट्रेट कट सूट का कलेक्शन जरूर रखें। यदि आप चटक रंग पहनती हैं तो जरूर पहनें, क्योंकि शादी के बाद ऐसे रंग आपके निखार को और भी बढ़ा देते हैं।

### ड्रेस के अनुसार ज्वेलरी

यदि आप रॉयल लुक साड़ी पहनती हैं तो उसके साथ पुराने डिजाइन या नए डिजाइन की गोल्ड ज्वेलरी भी बहुत फबती है। साथ ही चोकर सेट भी आपके लुक में चार चांद लगा देती है, इसलिए इसे अपने कलेक्शन में जरूर शामिल करें। लाइट वेट साड़ी के साथ आप मैचिंग ज्वेलरी पहनें तो बेहतर होगा। सूट के साथ भी आप गोल्ड चेन, लाइट नेकलेस या मैचिंग/मेटालिक हैवी ईयररिंग पहन सकती हैं।



### हेयरस्टाइल

शादी के बाद हेयरस्टाइल को लेकर नई-नवेली दुल्हनें काफी परेशान रहती हैं। इसलिए साड़ी या किसी भी तरह के आउटफिट के साथ अपने लुक को आकर्षक बनाने के लिए आप आसान और डिफरेंट हेयरस्टाइल, जैसे साइड रैप बन, साइड ब्रेड हेयर स्टाइल, लो बन, हाई वेवी पोनी टेल या वेवी हेयर स्टाइल बना सकती हैं।

### लाइट हो मेकअप

कहते हैं 'सादगी में ही सुंदरता है।' यह बात सौ टका सच भी है, लेकिन शादी के बाद थोड़ा मेकअप तो चलता है। आप चाहें तो घर में भी लाइट मेकअप कर सकती हैं। यह आपके ओवरऑल लुक को आकर्षक बना देगा।